राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# फरीदाबाद की आवाज़

Email : faridabadkiawaz@gmail.com

RNI No. -DELHIN/2017/76338

वर्ष : 06 अंक : 44 दिल्ली से प्रकाशित सोमवार 25 सितंबर-1 अक्टूबर 2023 Website : faridabadkiawaz.com मूल्य : 5/- रु. पृष्ठ : 8



## देश की आवाज़

### मन की बात में चंद्रयान और जी20 का जिक्र

# पीएम बोले- भारत की साख बढ़ी; संस्कृत के श्लोक पढ़ती जर्मन युवती की भी चर्चा की

**नई दिल्ली।** मन की बात के 105वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 और जी20 समिट की सफलता पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे चंद्रयान की सफलता के लिए कई पत्र मिले। भारत ने इस समिट में अफ्रीका को फुल मेंबर बनवाकर अपना लोहा मनवाया है। प्रधानमंत्री ने आज के कार्यक्रम में जर्मनी की एक युवती की भी चर्चा की। वो आंख से देख नहीं पाती, लेकिन संस्कृत के श्लोक इतने आसानी से गाती हैं जिसे सुनकर हर कोई आश्चर्य चकित रह जाए। पीएम ने कार्यक्रम में 27 सितंबर को होने वाले विश्व पर्यटन दिवस और शांति निकेतन की भी चर्चा की।

चंद्रयान लॉन्चिंग के दिन ISRO ने रिकॉर्ड बनाया पीएम ने कहा- मुझे कई पत्र मिले, जब चंद्रयान का लैंडर उतरने वाला था। तब कई लोग इसके साक्षी बने। इसरो के यूट्यूब चैनल पर 80 लाख लोगों ने देखा। ये रिकॉर्ड है। इससे पता चलता है कि लोगों को कितना लगाव है। इस दौरान चंद्रयान पर एक क्विज चल रहा है। जिसमें 15 लाख से ज्यादा लोग हिस्सा ले रहे हैं। मैं आपसे भी कहूंगा कि आप भी इसमें हिस्सा लीजिए, 6 दिन और बाकी हैं।



**चंद्रयान लॉन्चिंग के दिन ISRO ने रिकॉर्ड बनाया पीएम ने कहा- मुझे कई पत्र मिले, जब चंद्रयान का लैंडर उतरने वाला था। तब कई लोग इसके साक्षी बने। इसरो के यूट्यूब चैनल पर 80 लाख लोगों ने देखा। ये रिकॉर्ड है। इससे पता चलता है कि लोगों को कितना लगाव है।**

जी20 में भारत ने अफ्रीका को मेंबर बनाकर अपना लोहा मनवाया पीएम ने कहा- चंद्रयान के बाद जी20 का आयोजन चर्चा में है। भारत ने इस समिट में अफ्रीका को फुल मेंबर बनवाकर अपना लोहा मनवाया है। जब भारत बहुत समृद्ध था, सिल्क रूट की चर्चा होती थी। अब एक और इकोनॉमिक कोरिडोर सुझाया है। ये कॉरिडोर आने वाले सैकड़ों साल तक विश्व व्यापार का आधार बनने वाला है। इतिहास याद रखेगा

**26 सितंबर को जी20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम**

पीएम ने कहा- जी 20 के दौरान युवा शक्ति की चर्चा जरूरी है। साल भर आयोजन हुए। इसी बीच दिल्ली में एक और आयोजन होगा। जी20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट, जिसमें आईआईटी, मेडिकल कॉलेज, IIM के स्टूडेंट जुड़ेंगे। 26 सितंबर को इससे जुड़िए जरूर। इसमें मैं खुद शामिल होऊंगा।

**जर्मनी की कैसमी के श्लोक सुनाए**

पीएम ने कहा- एक छोटी बच्ची का गाया गीत आपको सुनाता हूं। इसे सुनकर आप हैरान हो गए। हर शब्द में जो भाव झलकते हैं, उससे ईश्वर के प्रति लगाव समझ सकते हैं। ये जर्मनी की कैसमी है। इन दिनों इंस्टाग्राम पर छाई हुई हैं। कैसमी कभी भारत नहीं आई। लेकिन भारतीय संगीत की दीवानी है। जिसने भारत को कभी देखा नहीं उसकी संगीत में रुचि इंस्पायरिंग है।

वे जन्म से देख नहीं सकती है, लेकिन ये चुनौती उन्हें रोक नहीं पाई। संगीत के लिए उनका पैशन बचपन से ही रहा। 3 साल की उम्र से संगीत से जुड़ने वाली कैसमी ने तबला बजाना भी सीखा। कई भारतीय भाषाओं में महारत हासिल कर चुकी हैं। असमी बंगाली मराठी तमिल में सुर साधे हैं।

## सम्पादकीय

### भारत का मान बढ़ाकर सिराज ने बेशर्म 'विषाक्त ट्रोलर्स' के मुंह पर जड़ा तमाचा



दिनेश शर्मा


श्रीलंका की राजधानी कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में हुये एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में पिछले दिनों भारतीय क्रिकेट टीम ने इतिहास रच दिया। भारत ने श्रीलंका की पूरी टीम को केवल 50 रनों में समेट कर रख दिया और एशिया कप फ़ाइनल मैच 10 विकेट से जीत लिया। हालांकि भारत आठवीं बार एशिया का चैंपियन बना है परन्तु निश्चित रूप से 2023 के एशिया कप का भारत व श्रीलंका के मध्य खेला गया फ़ाइनल मैच इतिहास में दर्ज हो गया। भारतीय टीम की इस अभूतपूर्व विजय का सेहरा भारतीय क्रिकेट टीम के तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद सिराज के सिर रहा। मोहम्मद सिराज ने सात ओवर में मात्र 21 रन देकर श्री लंका के छह विकेट ले लिए। उन्होंने चार विकेट तो केवल एक ओवर में ही झटक लिये थे। इस फ़ाइनल मैच की एक विशेषता यह भी थी कि इसमें टॉस भी श्री लंका ने जीता,उसके बाद बल्लेबाज़ी का निर्णय भी लंका ने लिया। इतना ही नहीं बल्कि खेल का मैदान भी श्री लंका का ही था। उसके बावजूद इतनी शर्मनाक हार? कहा जा रहा है कि अपने ही होम ग्राउंड में ऐसी ऐतिहासिक शिकस्त आज तक किसी भी टीम की नहीं हुई है। मोहम्मद सिराज ने अपनी तूफ़ानी गेंदबाज़ी से न केवल अपनी गुणवत्ता प्रमाणित की है बल्कि वे अब विश्व क्रिकेट के सबसे ख़तरनाक गेंदबाज़ों में भी शामिल हो गए हैं। वर्ल्ड कप से पहले भारत को इतनी बड़ी विजय मिलने से मोहम्मद सिराज और भारतीय टीम को भी विश्व कप के लिये भी एक बड़ी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। पूरे विश्व का क्रिकेट जगत इस समय इस महान भारतीय तेज़ गेंदबाज़ पर नज़रें गड़ाये बैठा है। देश विदेश में इस समय क्रिकेट प्रेमी भारतीय टीम को मोहम्मद सिराज के रूप में मिले इस नायाब खिलाड़ी का गुणगान कर रहे हैं। बेशक भारत के प्रत्येक राष्ट्रवादी नागरिक को अपने इस महान खिलाड़ी पर गर्व है। मोहम्मद सिराज का जन्म हैदराबाद के अत्यंत ग़रीब परिवार में हुआ। उनके पिता ऑटो टैक्सी ड्राइवर थे जबकि माँ दूसरे के घरों का काम कर अपने परिवार के पालन पोषण में सहभागी रहा करती थी। ग़रीबी का यह आलम था कि क्रिकेट खेल की प्रतिभा होने के बावजूद उन्हें कभी क्रिकेट एकेडमी जाना तक नसीब नहीं हुआ। यहां तक कि सिराज के पास खेल अभ्यास हेतु स्टेडियम जाने तक का किराया नहीं होता था। जब इसी महान संस्कारवान खिलाड़ी को पिछले दिनों लंका में उसके अभूतपूर्व प्रदर्शन के लिये मैन ऑफ़ द मैच घोषित किया गया तो उसने इनाम में मिली राशि जो 5,000 यूएस डॉलर यानि लगभग सवा चार लाख रूपये बताई जा रही है, उसी समय श्रीलंका के ग्राउंड स्टाफ़ को भेंट कर दी । ऐसा करके भी सिराज ने देश का नाम रोशन किया। और विदेश की धरती पर भारत का डंका बजा दिया। परन्तु हमारे देश में संकीर्णतावदी,साम्प्रदायिकतावादी और बिकाऊ ट्रोलर्स जिन्हें मुसलमानों के नाम से ही नफ़रत करने की घुट्टी पिलाई जा चुकी है उन्होंने भारतीय टीम में शामिल होते ही मोहम्मद सिराज की प्रत्येक गतिविधियों पर नज़र रखनी शुरू कर दी थी ।

## धनखड़ बाड़मेर जिले में चालीस एकड़ में बनने वाले बाजरा अनुसंधान संस्थान की 27 सितंबर को रखेंगे नींव

**जयपुर 24 सितंबर (वार्ता)** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राजस्थान में बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी में चालीस एकड़ में बनने वाले आईसीएआर के राष्ट्रीय स्तर के बाजरा अनुसंधान संस्थान का 27 सितंबर को शिलान्यास करेंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी के अनुसार उनके संसदीय क्षेत्र बाड़मेर के गुड़ामालानी में आईसीएआर के राष्ट्रीय स्तर के बाजरा अनुसंधान संस्थान खोलने की स्वीकृति सहित सारी प्रक्रिया पूरी हो गई है और 27 सितंबर को श्री धनखड़ इसका शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर श्री धनखड़, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भूमिपूजन करके इस संस्थान की नींव रखेंगे।

श्री चौधरी ने बताया कि केन्द्र सरकार वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेटस ईयर के रूप में मना रही है। इसके लिए भारतीय मिलेटस जिसे मोटा अनाज भी कहा जाता है। केंद्र सरकार ने इसे श्रीअन्न का भी नाम दिया है। श्रीअन्न में मुख्य रूप से बाजरा, ज्वार, रागी, कुटकी आदि शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भारत की पहल पर ही संयुक्त राष्ट संघ द्वारा मोटा अनाज को इंटरनेशनल मिलेटस ईयर के रूप में मनाने और इसे आमजन द्वारा अधिकाधिक अपने भोजन की थाली में शामिल करके बढ़ावा देने को लेकर सहमति बनी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में



केंद्र सरकार की ओर से मोटा अनाज या श्रीअन्न को देश दुनिया में बढ़ावा देने के लिए बजट 2022-23 में विभिन्न सराहनीय कदम उठाये गए। बजट के दौरान आईसीएआर- आईआईएमआर, हैदराबाद को बाजरा के लिए वैश्विक केंद्र बनाने की घोषणा की गयी। मोटा अनाज या श्रीअन्न में भी बाजरा सबसे महत्वपूर्ण खाद्यान माना जाता है। इसे सर्वाधिक 4.1 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र में उगाया जाता है। राजस्थान में देश का सर्वाधिक 57 प्रतिशत बाजरे की खेती होती है।

## इंडिया गठबंधन के पीएम कैंडिडेट होंगे नीतीश कुमार; डिप्टी स्पीकर महेश्वर हजारी का बड़ा दावा

**पटना।** बिहार विधानसभा के डिप्टी स्पीकर और जदयू के वरिष्ठ नेता महेश्वर हजारी ने एक बार फिर अपने बयान से बिहार की सियासत का पारा चढ़ा दिया है। उन्होने कहा कि जब भी इंडिया गठबंधन में पीएम पद के लिए सहमति बनेगी तो नीतीश कुमार के नाम पर ही बनेगी। उनमें पीएम कैंडिडेट के सभी गुण नीतीश कुमार में हैं। उनसे योग्य कोई व्यक्ति भारत में नहीं है। इंडिया अलायंस जब भी प्रधानमंत्री पद की घोषणा करेगी तो वो नाम नीतीश कुमार का ही होगा। महेश्वर हजारी ने कहा कि नीतीश कुमार देश में सबसे बड़े समाजवादी नेता हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह चुके हैं, कि डॉक्टर राम मनोहर लोगहिया और जेपी के बाद अगर कोई सबसे बड़ा समाजवादी नेता है, तो वो नीतीश




कुमार हैं। 5 बार भारत सरकार में मंत्री रहे। 18 साल से बिहार में मुख्यमंत्री हैं। पीएम कैंडिडेट के लिए उनसे योग्य कोई व्यक्ति पूरे भारत में नहीं है। देश के समाजवादी विचारधारा वाले सभी लोगों की यही मंशा है कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनें। उन्होने कहा कि जैसे ईंट जोड़कर दीवार बनाई जाती है। वैसे ही नीतीश कुमार ने पूरे विपक्ष को एजुट करने का काम किया है। इसलिए आज नहीं तो कल पीएम उम्मदीवार के तौर पर नीतीश कुमार के नाम की ही घोषणा होगी। महेश्वर हजारी ने ये बयान उस वक्त दिया जब वो शनिवार को जब मुख्यमंत्री ने तमाम प्रकोष्ठ के अध्यक्षों और प्रवक्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक से बाहर निकले थे। नीतीश कुमार ने पार्टी प्रवक्ताओं को कई टिप्स दिए थे। हालांकि इससे पहले नीतीश कुमार साफ तौर से कह चुके हैं कि वो पीएम कैंडिडेट की रेस में नहीं हैं। उनका मकसद सिर्फ विपक्ष को एकजुट करना और बीजेपी सरकार को सत्ता से बेदखल करने का है। यही नहीं वो पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से भी ये अपील कर चुके हैं कि पीएम कैंडिडेट के तौर पर उनके नाम के नारे न लगाए जाए, नहीं बेवजह चर्चाओं को हवा मिलेगी। लेकिन उनकी ही पार्टी के वरिष्ठ नेता महेश्वर हजारी ने बयान देकर एक बार फिर चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है।

## प्रधानमंत्री मोदी आज आएंगे भोपाल, कार्यकर्ता महाकुंभ को करेंगे संबोधित

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार, 25 सितंबर को भोपाल के प्रवास पर रहेंगे। वे यहां पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ में शामिल होंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कार्यकर्ता महाकुंभ की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। राजधानी में होने वाले सबसे बड़े एकत्रीकरण को लेकर पार्टी कार्यकर्ता शहर के प्रमुख चौराहों को सजा रहे हैं। जगह-जगह पार्टी के ध्वज लगाकर प्रमुख मार्गो को सजाया जा रहा है। कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता भी तैयारियों में जुटे हुए हैं। शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, नरेन्द्र सिंह तोमर, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जीपीएस राठौर ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रोशनपुरा चौराहा पर पार्टी के झंडे लगाकर चौराहे की सजावट की। साथ ही तैयारियों का निरीक्षण भी किया।

**प्रधानमंत्री मोदी की भोपाल में गृह मंत्री डॉ. मिश्रा करेंगे अगवानी**-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 सितम्बर को भोपाल की प्रस्तावित यात्रा के लिए तीन कैबिनेट मंत्री मिनिस्टर इन वेटिंग नामित किये गये हैं। इस संबंध में शनिवार को आदेश जारी किए गए हैं। प्रदेश के गृह एवं जेल मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा भोपाल विमानतल पर प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी करेंगे। वहीं, भोपाल हैलीपेड पर प्रधानमंत्री के आगमन पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह स्वागत करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के भोपाल में होने वाले मुख्य कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग अगवानी करेंगे।

**पार्टी नेताओं ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण**-25 सितंबर को भोपाल के जम्बूरी मैदान में कार्यकर्ता महाकुंभ होगा, जिसमें प्रदेश भर से 10 लाख कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधित करेंगे। कार्यकर्ता महाकुंभ की तैयारियां अंतिम चरणों में है। शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, केन्द्रीय मंत्रीद्वय भूपेन्द्र यादव एवं नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जीपीएस राठौर, प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी ने कार्यक्रम स्थल जंबूरी मैदान पहुंचकर महाकुंभ की चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया।

पार्टी नेताओं ने व्यवस्था में लगे प्रमुख कार्यकर्ताओं और नेताओं से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

## भाजपा से हाथ मिलाते ही कर्नाटक में लगा जेडीएस को झटका, उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**बेंगलुरु।** 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले जनता दल (सेक्युलर) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ हाथ मिलाने का फैसला किया है। इस ऐलान के कुछ दिनों के बाद जेडीएस के कर्नाटक के उपाध्यक्ष सैयद शफीउल्ला साहब ने पार्टी से अपना नाता तोड़ने का फैसला किया है। शफीउल्ला ने कर्नाटक अध्यक्ष को लिखे अपने इस्तीफे में कहा कि उन्होंने जेडीएस और भाजपा के साथ गठबंधन के कारण खुद को पार्टी से अलग कर लिया है।



उन्होंने कहा, मैं बताना चाहूंगा कि मैंने समाज और समुदाय की सेवा करने के लिए कड़ी मेहनत की है। पार्टी की सेवा की है, क्योंकि हमारी पार्टी धर्मनिरपेक्ष साख पर विश्वास करती है और उस पर कायम है। हमारे नेता कुमारस्वामी ने भाजपा से हाथ मिला लिया है। इससे पहले भी जब भाजपा के साथ हमारी पार्टी गई थी तो मैंनें उस अवधि के लिए पार्टी से बाहर रहने का विकल्प चुना था।

उन्होंने आगे लिखा, चूंकि पार्टी के वरिष्ठ नेता अब भाजपा के साथ हाथ मिलाने का फैसला कर रहे हैं, इसलिए मेरे पास पार्टी के उपाध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा देने और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

सूत्रों ने बताया कि उनके अलावा जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष (शिवमोग्गा) एम श्रीकांत और यूटी आयशा फरजाना समेत कई नेताओं ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की जनता दल (सेक्युलर) ने शुक्रवार को कर्नाटक में भाजपा के साथ गठबंधन की घोषणा की और 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले औपचारिक रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल हो गई। जेडीएस नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद यह घोषणा की। जेडीएस ने 2019 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था, हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा ने कर्नाटक की 28 में से 25 सीटें जीत लीं।

## बांध लिया सामान, वापस जा रही पाकिस्तान; सीमा हैदर के वायरल वीडियो का क्या है सच

**नोएडा।** पाकिस्तान से अपने प्रेमी को पाने के लिए चार बच्चों के साथ आई सीमा हैदर भले ही अब टीवी चैनलों से गायब हो चुकी है, लेकिन सोशल मीडिया पर उसे वीडियोज की बाढ़ है। सीमा हैदर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कभी डांस वीडियो शेयर करती है तो कभी सचिन के साथ प्यार वाले पल या फिर भारत-पाकिस्तान को लेकर अपने मन की बात साझा करती है। सीमा की लोकप्रियता को देखते हुए बहुत से लोगों ने उसके नाम और तस्वीर के साथ फर्जी अकाउंट भी बना लिए हैं। इस बीच सीमा हैदर का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें वह पाकिस्तान जाने की बात कह रही है और इसे देखकर लोग चौंक जाते हैं।

**क्या है वीडियो में?**

फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर सीमा हैदर का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वह कहती है, मैं वापस जाने के लिए सामान बांधकर तैयार कर लिया है। मैं वापस जा रही हूं। मुझे नहीं पता था कि सचिन ऐसा झूठा प्यार करेगा। मैं पहले मां-बाप और हैदर की बात को नहीं समझी वह बात यही बोल रहे थे कि वह सिर्फ आपके पैसे से प्यार करता है। ऐसे ही कुछ वीडियो में तो यह भी कहती है कि प्रेमी सचिन मीणा अब उसे पीटने लगा है।



**क्या है इस वीडियो का सच?**

लाइव हिन्दुस्तान की टीम ने इस तरह की कई वीडियोज की पड़ताल की तो पता चला कि ये सभी फर्जी हैं। सीमा के फोटोज और वीडियो में लिप्सिंग बदलकर इन वीडियोज को बनाया गया है। हालांकि, पहली नजर में कोई भी धोखा खा सकता है। एआई टूल का इस्तेमाल करके डीप फेक वीडियोज बनाए गए हैं। असल में कई लोग सीमा के वीडियोज के सहारे लाइक और सब्सक्राइबर्स बढ़ाने के मकसद से इस तरह के फेक वीडियोज बना रहे हैं। ऐसे में इन वीडियोज पर भरोसा करने से पहले एक बार ध्यान से देख लें कि कहीं आप कोई फर्जी वीडियो तो नहीं देख रहे हैं।

**सचिन के साथ कायम है सीमा का प्यार**

इस साल मई में चार बच्चों के साथ नेपाल के रास्ते भारत आई सीमा जांच एजेंसियों की क्लीनचिट का इंतजार कर रही है। उसने राष्टपति के सामने याचिका लगाकर भारत की नागरिकता भी मांगी है। फिलहलाल वह ग्रेटर नोएडा के रबुपुरा गांव में प्रेमी सचिन के साथ रह रही है। सीमा आए दिन सचिन के साथ प्यार-मोहब्बत और डांस के वीडियोज साझा कर रही है। वह पूरी तरह भारतीय रंग में रंग चुकी है। हाल ही में चंद्रयान मिशन और महिला आरक्षण विधेयक संसद से पास होने पर भी सीमा ने खुशी जाहिर की।

# स्वच्छता ही सेवा के तहत नगर निगम ने आयोजित किया सफाई मित्र सुरक्षा शिविर

## हैल्थ चैकअप कैम्प में 200 सफाई कर्मियों ने करवाया स्वास्थ्य परीक्षण- विनोद नेहरा, उप निगमायुक्त

**करनाल।** नगर निगम के सेक्टर 13 स्थित सफाई शाखा कार्यालय में शनिवार को सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए एक हैल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन किया। स्वच्छता पखवाड़ा के स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित किया गया था। सीएचडी सिटी स्थित पार्क अस्पताल से आई डॉक्टरों की टीम ने जोन 4 के करीब 200 सफाई कर्मियों का मैडिकल चैकअप किया, जिसमें उनका ब्लड प्रैशर, मधुमेह और आखों की रोशनी चैक की गई। खास बात यह रही कि शिविर में स्वयं नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने भी चैकअप करवाया। शिविर प्रातः 10 बजे प्रारम्भ होकर दोपहर 2 बजे तक चला। उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा ने बताया कि निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारी खुद धूल-मिट्टी में रहकर शहर को स्वच्छ रखते हैं। इसे देखते इन लोगों का मैडिकल चैकअप करवाया जाना जरूरी था, ताकि किसी बीमारी का पता लगने पर उसका ईलाज करवाया जा सके। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर नगर निगम की ओर से पहले भी शिविर लगाए जा चुके हैं। स्वच्छता ही सेवा




कार्यक्रम में फिलहाल जोन 4 के सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की गई है। अगले कुछ दिनो में अन्य जोन के कर्मियों के स्वास्थ्य की भी जांच की जाएगी, ताकि ऐसे कर्मचारियों के स्वास्थ्य की रक्षा की जा सके। उन्होंने बताया कि शिविर के आयोजन और सफलता में निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा, सफाई निरीक्षक मनदीप सिंह व संदीप कुमार, ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह, मोटीवेटर टीम से महेन्द्र, कुलदीप, दीपमाला तथा लिपिक अंकित का विशेष योगदान रहा। कैम्प में उप निगमायुक्त के साथ-साथ उपरोक्त टीम ने भी अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

पार्क अस्पताल के इन डॉक्टरों की टीम ने किया चैकअप- सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पार्क अस्पताल से डॉक्टरों की जो टीम आई, उनमें अस्पताल के डॉ. नवनीत व डॉ. लोकेश, नर्सिंग स्टाफ से मनप्रीत व मनोज तथा कैम्प के लिए व्यवस्था करने के लिए अस्पताल की ओर से याद राम मौजूद रहे। मॉडल टाउन क्षेत्र में किया श्रमदान- उप निगमायुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण के बाद जोन-4 के सफाई कर्मियों ने मॉडल टाउन क्षेत्र में श्रमदान कर साफ-सफाई की। वार्ड 11 के पार्षद प्रतिनिधि गिन्नी विर्क की अगुवाई में करीब 3 घण्टे श्रमदान किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान मॉडट टाउन की बड़ी मार्किट, तेजिन्द्र खुराना मार्ग, गुरूद्वारा मार्ग, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय क्षेत्र और सेक्टर 12 से आई.टी.आई. रोड को जाने वाली सड़क पर सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान में मौजूद स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षकों व मोटीवेटरों ने दुकानदारों व गृहणियों को साफ-सफाई रखने के प्रति जागरूक किया। श्रमदान के पश्चात उपस्थित सभी ने स्वच्छता शपथ ली और स्वच्छ करनाल-स्वस्थ करनाल के नारे लगाए।

उप निगमायुक्त ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नगर निगम द्वारा शहर के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में जन जागरूकता गतिविधियां की जा रही है। इसके तहत मुख्य मार्गों व बाजारों में स्वच्छता रैली निकाली गई तथा नुक्कड़ नाटक के जरिए नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमो में स्थानीय पार्षदों, जन प्रतिनिधियों, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर व समाजसेवी लोगों का विशेष सहयोग मिल रहा है।

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान द्वारा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करना निंदनीय : जगमोहन आनंद

**तरावड़ी।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर अभद्र टिप्पणी किए जाने की निंदा चौतरफा हो रही है। इस टिप्पणी पर मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणी करना उनकी छोटी सोच दिखाता है। ऐसे लोगों को हरियाणा की जनता लोकसभा और विधानसभा चुनाव में करारा जवाब देगी। मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति इस तरह के अपशब्दों का इस्तेमाल कांग्रेस की विकृत मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल देश और प्रदेश के लिए निरंतर विकास कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल तो सार्वजनिक मंच पर पूरे प्रदेश को अपना परिवार मानते हैं। मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस राज में कैसा माहौल था पूरा प्रदेश जानता है। कांग्रेस इस तरह की औछी राजनीति करके वोट हथियाना चाहती है लेकिन वे अपने इस मनसूबे में कभी कामयाब नहीं होंगे। इस बार के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में एकबार फिर जनता कांग्रेस को आईना दिखा देगी।

## पंकज गर्ग एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त




**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो एवं फाउंडर नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल के विख्यात समाजसेवी पंकज गर्ग को राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त किया। नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने पंकज गर्ग को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पंकज गर्ग ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगो को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगो को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से सम्बंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि हैं।

## मेडिकल फार्मेसी दुकान संचालक दुकानों के बाहर व अंदर सीसीटीवी कैमरे लगवाना करें सुनिश्चित- एसडीएम मोहित महराणा

**हांसी।** एसडीएम मोहित महराणा ने उपमंडल के अंतर्गत आने वाले उन सभी मेडिकल फार्मेसी दुकानों के संचालकों को दुकानों के अंदर तथा बाहर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करवाने के निर्देश दिए हैं जो ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट व अन्य नियमों के अनुसार शेड्यूल एच् तथा एक्स के अंतर्गत दवाइयां की बिक्री कर रहे है। उन्होंने बताया कि अगर कोई दुकानदार इन आदेशों की अनुपालन करता नहीं पाया गया तो संबंधित दुकान संचालक के खिलाफ कानूनन कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। मोहित महराणा ने शनिवार को उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जिला उपायुक्त द्वारा इस संबंध में 20 सितंबर 2023 को आदेश जारी किए गए हैं।उपायुक्त उत्तम सिंह ने जारी आदेशों में स्पष्ट कहा है कि मेडिकल फार्मेसी दुकान संचालक आगामी एक माह के अंदर दुकानों के बाहर तथा अंदर हर हाल में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करवाना सुनिश्चित करें। ड्रग्स नियंत्रक विभाग के अधिकारी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का समय-समय पर निरीक्षण करेंगे ।

## ग्रामीण व दुकानदार अब करेंगे प्रशासन के खिलाफ महापंचायत



**गुरुग्राम।** सुभाष चौक, इस्लामपुर में धरना प्रदर्शन अब सरकार और एचएसबीपी के खिलाफ कभी भी हो सकता है क्यों कि प्राइवेट बिल्डर को फायदा पहुंचाने के लिए एचएसवीपी के भ्रष्ट अधिकारियों ने पुलिस के 500 जवानों द्वारा बंधक बनाकर की गई नाजायज तोड़फोड़। जिसमें लगभग 30 दुकानें हाईवे से जुड़ी हुई थी, यह दुकाने तकरीबन 40 साल से पहले की है और यह हमारे गांव की जमीन थी। एचएसवीपी के कई अधिकारी और सरकार के कुछ लोगों द्वारा किस दुकान में बिना नोटिस दिए तोड़ दी गई।। जो कि प्राइवेट बिल्डर को फायदा पहुंचाने के लिए और रुपयों की सांठगांठ कर दुकाने तोड़ी गई। यह दुकान है बिना किसी बड़े अधिकारी के परमिशन से पहले ही तोड़ दी गई। इसका मामला हाईकोर्ट चंडीगढ़ में पहले ही चल रहा है जिसमें द्धह्वस्रड्ड (हरियाणा अर्बन डिपार्टमेंट अथॉरिटी) एक्स पार्टी रहा। यह दुकाने तकरीबन 1 साल पहले भी तोड़ी गई। तब 360 गांव की मां पंचायत हुई जिसमें सरकार और प्रशासनिक तथा क्षेत्रीय विधायक राकेश दौलताबाद ने ग्रामीण वासियों से माफी मांग कर द्वारा से दुकान बनाने के आदेश जारी किए थे और जनता के बीच में खड़े होकर बोला था कि आप अपनी दुकान बनाएं परंतु इस बार फिर बिल्डर से शॉर्टकट की करोड़ों रुपए लेकर दुकानों पर बिना परमिशन के 5 मिनट के अंदर पुलिस का दबाव बनाकर दुकानों को ध्वस्त कर दिया। ग्रामीण वासियों का मानना है कि हमारे साथ जाति की जा रही है जिसकी सुनवाई के लिए कोई भी तैयार नहीं है। ग्रामीण वासी फतेह सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी जिसका जवाब मांगा एचएसबीपी से परंतु एचएसबीपी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जांच का कोई भी जवाब नहीं दिया क्योंकि उनकी शॉर्टकट प्राइवेट बिल्डर से हो चुकी है उसे पैसे भी ले चुके हैं इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छुट्टी का जवाब देना उनके लिए भारी पड़ जाता। प्रदेश की सरकार हमारे साथ गलत कर रही है आने वाले समय में प्रदेश को की सरकार को वोट की चोट से जवाब दिया जाएगा। आगे भी ग्रामीण वासियों ने कहा कि जल्द हम एक छोटी गांव की बैठक करेंगे जिसमें 360 गांव की महापंचायत को बुलाया जाएगा और जिन लोगों ने दुकान तोड़ी है उन्हें सबके सामने माफी भी मांगनी पड़ेगी और जो पहले बोल कर गए थे फिर द्वारा तोड़ा गया यह हमारे साथ जो जाती हुई है और लाखों रुपए का नुकसान भी हुआ है उसकी भरपाई प्रशासन या फिर सरकार करेगी। ग्रामीण वासियों ने कहा कि एचएसबीपी के अधिकारियों द्वारा जब दुकान तोड़ी गई उससे पहले कोई नोटिस नहीं दिया गया अगर नोटिस दिया जाता तो हम लोग अपने सामान्य को कम से कम बचा लेते जो कि प्रशासन ने आकर लाखों रुपए का नुकसान कर दिया और सभी पत्रकार छायाकार बंधुओं से अपील करते हैं कि हम जो भी आगे की रणनीति तैयार करेंगे, उन्हें आपको समय-समय पर बताते रहेंगे। और गलत तरीके से तोड़ी गई दुकानों का पर्दाफाश करेंगे। बताया जा रहा है । इन्हीं सब बातों को लेकर आज धरना प्रदर्शन पर मीटिंग हुई। उस मीटिंग में चौधरी महा सिंह, प्रकाश रोहतास रणवीर रणधीर रणधीर फतेह सिंह बिंदर, टोनी, समय सिंह, अमर सिंह, नितिन सिंह, ताराचंद, गोविंद , हरभजन, नाहर सिंह, मनजीत, मनीष, बलवीर, जय सिंह, नंबरदार रामकुमार, नंबरदार राकेश, चौधरी श्याम, अटल , रोहतास, सविंदर, नरेश पहलवान, नरेश अग्रवाल, हेतराम धरना स्थल पर आदि लोग मौजूद रहे।

## बाबैन अनाज मंडी में बरसात से भीगा धान

**बाबैन।** बाबैन में रुक-रुक कर जारी बे-मौसमी बरसात से किसानों के अरमानों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। किसानों द्वारा कड़ी मेहनत से तैयार की गई धान की फसल पर बे-मौसमी बरसात की मार ने धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। किसानों द्वारा काट कर मंडी में लाई गई हजारों किवंटल धान की फसल वर्षा की भेंट चढ़ गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। अनाज मंडी बाबैन में अचानक हुई वर्षा से भीगी फसल को खराब होने से बचाने लिए किसानों को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। क्षेत्र के किसान बलबीर सिंह रामपुरा, राजपाल छपरा, दर्शन लाल हमीदपुर का कहना है कि इस बार-बार मौसम खराब होने किसानों की खेतों में खड़ी धान की फसल बिछ गई है, जिससे धान की कटाई में मुश्किल होगी और खर्च भी ज्यादा आएगा, जो किसानों के लिए घाटे का सौदा साबित होगी। किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा धान की सरकारी खरीद न शुरू करने के कारण अनाज मंडी बाबैन भी धान के कटों से अंट गई है, जिसके कारण




किसानों को मंडी में धान डालने के लिए जगह नहीं मिल रही है। प्रशासन द्वारा शैलरों में धान ले जाने पर रोक लगाने के कारण किसानों को अपनी धान डालने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है, जिसके कारण किसान सड़कों पर धान डालने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन मंडी में पड़ी धान को शैलरों में ले जाने की अनुमति दे तो जहां किसानों को धान डालने के लिए जगह मिल जाएगी। वहीं बाद में मालिकों द्वारा नमी के नाम पर लगाए जाने वाले 100 से 200 रुपये प्रति क्विंटल तक के कटों से भी किसानों को राहत मिलेगी। किसानों ने सरकार से धान की खरीद तुरंत शुरू करने और मंडी में पड़ी धान का उठान करवाने की मांग की है ताकि मंडी के व्यापारियों को कोई परेशानी न हो।

## ग्रुप-डी परीक्षा के लिए बनाए 1072 केंद्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने ग्रुप-डी के लिए होने वाली दो दिवसीय परीक्षा के लिए राजधानी चंडीगढ़ समेत प्रदेश भर में 1072 परीक्षा केंद्र बनाने का फैसला किया है। इन केंद्रों में चार शिफ्टों के दौरान 12 लाख से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा चतुर्थ श्रेणी के 13 हजार 536 पदों के लिए आवेदन करने के बाद 21 व 22 अक्तूबर को सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) का आयोजन करने का फैसला किया है।

इसके लिए 13 लाख 84 हजार युवाओं ने आवेदन किया है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने राज्य के 17 जिलों में 1072 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। एक शिफ्ट में इन केंद्रों पर तीन लाख 47 हजार 869 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठ सकेंगे। आयोग के अनुसार चंडीगढ़, फरीदाबाद व गुरुग्राम में सबसे अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

परीक्षा के लिए पंचकूला जिले में 52, अम्बाला में 54, यमुनानगर में 71, कुरुक्षेत्र में 64, पानीपत, जिले में 51, करनाल जिले में 64, गुरुग्राम में 75, फरीदाबाद में 107, पलवल में 34, रेवाड़ी में 25, महेंद्रगढ़-नारनौल में 46, हिसार में 59, फतेहाबाद में 49, सिरसा में 60, कैथल में 34, भिवानी में 37, सोनीपत में 45, चंडीगढ़ में 145 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। आयोग के चेयरमैन भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि एमरजेंसी के दौरान पंचकूला में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। यहां पर भी परीक्षाएं कराई जा सकती हैं। 21 और 22 अक्तूबर को होने वाली इस परीक्षा का समय सुबह 10 से 11¬45 बजे और दोपहर बाद 3



से 4¬45 बजे तक का रहेगा। खदरी ने बताया कि महिलाओं के सेंटर 50 किलोमीटर से दूर नहीं रहेंगे। उन्होंने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की तरफ से जो भी एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे उन पर सही एड्रेस ही दिया जाना चाहिए, इस बात के लिए एनटीए को आयोग की ओर से आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

## गोवा नेशनल गेम्स के लिए हरियाणा से 7 बेटियों का चयन

**रोहतक।** गोवा में 19 से 24 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले बैडमिंटन नेशनल गेम्स में हरियाणा से सात महिला खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयन होने वाली महिला खिलाडी पहले भी अंतर-राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेलों परचम लहरा चुकी है। इसके अलावा इनमें से एक खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय हाल ही में चीन में होने वाले एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। गोवा में होने वाले खेलों के लिए हरियाणा से अनुपमा उपाध्याय, इरा शर्मा, उन्नति हुड्डा, देविका सिहाग, रिद्धि कौर तूर, शिवानी संतोष और अक्षित महाजन शामिल हैं। इन खिलाडियों के चयन से हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन ने खुशी जताई है और हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन महासचिव



देविका सिहाग


इरा शर्मा


रिद्धि कौर तूर


शिवानी संतोष


उन्नति हुड्डा


अनुपमा उपाध्याय

अजय सिंघानिया ने बताया कि प्रदेश से महिला खिलाड़ी लगातार आगे बढ़ रही है, इनमें से कई खिलाडियों ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर चुकी है।

**सबसे कम उम्र में खिताब जीत कर रिकॉर्ड बना चुकी है उन्नति हुड्डा**

रोहतक की रहने वाली बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा 14 वर्ष की उम्र में ओडिशा में ओपन टूर्नामेंट 2022 जीत कर सबसे कम उम्र की खिलाड़ी का खिताब जीतने का रिकॉर्ड बनाया था। जिससे वह सुपर 100 बीडब्लयूएफ वर्ल्ड कप जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनी थी। भरत कॉलोनी निवासी उन्नति हुड्डा यहां रोहतक के सर छोटूराम स्टेडियम में बैडमिंटन की प्रैक्टिस करती है। कोच प्रवेश के पास उन्होंने सात साल की उम्र से खेलना शुरू किया था, उन्नति का पैतृक गांव चमारिया है। उनकी मां डा. कविता शिक्षिका है।

## उदयभान का बयान ही कांग्रेस का असली चरित्र-अरविंद सैनी

**नारनौल।** प्रधानमंत्री और हरियाणा के मुख्यमंत्री पर हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान द्वारा की गई टिप्पणी से नाराज़ भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी हरियाणा के प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के बयान को शर्मनाक बताते हुए कहा है कि कांग्रेस के लोग देश और प्रदेश में हो रही प्रगति से तिलमिलाए हुए हैं, इसलिए कांग्रेस का कोई न कोई नेता उल जलूल बयान देते रहते हैं।

प्रदेश सह मीडिया प्रमुख ने कहा कि कुछ समय पहले पूरे देश ने देखा था कि कैसे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सूरजेवाला ने जनता तक को राक्षस बताया था। सैनी ने कहा कि गलत और शर्मनाक बयानबाजी करना कांग्रेस का चरित्र बन गया है। कांग्रेस की घटिया राजनीति पर चलते हुए अब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है, जिस पर पूरी कांग्रेस को शर्मसार होना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए।

अरविंद सैनी ने कहा कि कांग्रेस राहुल गांधी को देश के प्रधानमंत्री के पद पर देखना चाहती है, लेकिन वह भी अविवाहित है उनके बारे में कांग्रेसी नेता क्या सोच रखते हैं, इस पर भी कांग्रेसी नेताओं को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए?

भाजपा के प्रदेश के सह मीडिया प्रमुख ने कहा कि कांग्रेस के नेता मर्यादा को भूल चुके हैं, इसलिए बार-बार अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पदों की गरिमा का कांग्रेस नेताओं में कितना सम्मान है यह उनकी भाषा से पता लग रहा है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ व्यक्ति टिप्पणी से कांग्रेस यही मैसेज दे रही है कि उनके लिए इस पद की गरिमा कोई मायने नहीं रखती। सैनी ने कहा कि कांग्रेसियों के इन घटिया बयानों को जनता भी सुन रही है, इसलिए आने वाले समय में कांग्रेस और भी गर्त में जाएगी।

# शोध क्रियाविधि की पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के अंग्रेजी विभाग द्वारा 19 सितंबर को शुरू हुई शोध क्रियाविधि की पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का 23 सितंबर को समापन हुआ। कार्यशाला के अंतिम दिन पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला के अंग्रेजी विभाग के सीनियर प्रो. राजेश शर्मा जी का उद्बोधन रहा। मंच संचालन कर रहे राजपाल ने प्रो राजेश शर्मा का परिचय देते हुए उनका स्वागत किया तथा प्रथम सत्र के लिए उन्हें आमंत्रित किया। प्रथम सत्र में प्रो राजेश शर्मा ने शोध के बारे में बात करते हुए शोधार्थियों को कहा कि यद्यपि शोध का विषय समाज की भलाई पर केंद्रित होना चाहिए परंतु शोध करने के लिए पहले विद्यार्थी को स्वयं को जानना तथा स्वाध्याय करना आवश्यक है। शोधार्थी जब स्वयं को जानता है तो उसके पास कुछ प्रश्न स्वत¬ ही आते हैं और वही प्रश्न उसे शोध के लिए प्रेरित करते हैं। शोध करते समय विद्यार्थी को सभी तरह की



तकनीक एवं क्रियाविधि का इस्तेमाल करना पड़ता है परंतु उसके साथ ही शोधार्थी को अपने भीतर की आवाज भी सुननी चाहिए जो की एक महत्वपूर्ण क्रियाविधि की तरह ही काम करती है। शोधार्थी शोध करते समय समाज में बदलाव के विचार को लेकर चलता है परंतु सच्चा शोध वही है जिसके अंत में शोधार्थी स्वयं में कुछ परिवर्तन अनुभव कर पाता है।

पांचवें दिन के दूसरे व समापन सत्र में कार्यशाला के संयोजक डॉ. बिजेंद्र सिंह ने मुख्य वक्ता प्रो. राजेश शर्मा जी का धन्यवाद किया।

प्रो. रोमिका बत्रा व प्रो. सुभाष चंद्र शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किये। कुछ प्रतिभागियों ने कार्यशाला के अपने अनुभव मंच पर आकर साझा किये।

मानविकी संकाय के डीन प्रो. सुभाष चंद्र शर्मा ने अंग्रेजी विभाग को कार्यशाला के आयोजन के लिए बधाई दी तथा भविष्य में और भी अकादमिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। अंत में अंग्रेजी विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर निखिलेश यादव ने पूरी कार्यशाला का सार सभी के समक्ष रखा तथा उन्होंने अपने अनुभव भी प्रतिभागियों के साथ साझा किए। उन्होंने इस कार्यशाला के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी. यादव का धन्यवाद किया और कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में विभाग व विश्वविद्यालय नए-नए कार्यक्रमों में रुचि ले रहा है तथा विश्वविद्यालय एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर है। उन्होंने साथ ही कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार व विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों का भी धन्यवाद किया। प्रो. निखिलेश यादव ने अंग्रेजी विभाग के प्रो सुभाष चंद्र शर्मा, प्रो रोमिका बत्रा, डॉ बिजेंद्र सिंह, विनय यादव, गौरी यादव, अंशुमान धीमान, अनु व सभी शोधार्थियों व विद्यार्थियों का इस आयोजन के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर योगेश, ज्योति, एकता, मेघा, स्वाति, प्रीति, रोहित, अमित, ज्योति यादव, सुषमा, मानव, निशा, प्रेम, ललित, दीपांशु, रोहन, सुनील आदि उपस्थित रहे।

# बाल देख रेख संस्थानों में रह रहे बच्चों के साथ अभिभावकों जैसा व्यावहार करे –हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग



**करनाल।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर और श्याम शुक्ला ने नगर निगम कार्यालय के सभागार में बाल अधिकार संरक्षण से जुडे विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक ली और निर्देश दिए कि बाल देख रेख संस्थानों में रह रहे बच्चों के साथ अभिभावकों जैसा व्यावहार करे तथा उनको एक परिवारिक माहौल दे ताकि वे समाज की मुख्याधारा से जुड सके। उन्होंने स्पष्ठ कहा कि हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की हिदायतों व अधिनियम की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित की जाए कही पर भी अधिनियम की अवेलना न हो। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि स्कूलों में मेरे गुरूजन के नाम से जगाए जाने वाले बोर्ड को स्कूल प्रांगण में ऐसी जगह लगवाना सुनिश्चित करे। जिसे अभिभावक व बाहर से आने वाले व्यक्ति को भी संबंधित विषय के अधियापक के बारे में जानकारी मिल सके।

उन्होंने कहा कि बाल देख रेख संस्थानों में रह रहे बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य पहलुओं पर निरंतर निगरानी रखने, रोजाना पोषण आहार के साथ इम्युनिटी बनाये रखने के लिए प्रतिपूरक आहार दिए जाने उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग और मैडिटेशन करवाया जाने, बच्चों की निरंतर मॉनिटरिंग करने और नैतिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाने के निर्देश दिए। उन्होंनेकहा कि बच्चों को भविष्य में बेहतर जीवन के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलों पर जोर देने के लिए प्रेरित करे। प्रत्येक बच्चे में प्रतिभा होती है केवल उसे निखारने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि आज कल बच्चें भी सोशल मीडिया से जुडे रहते है ऐसे में उन पर कडी नजर रखे और इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए की आनलाईन पढाई के समय केवल पढाई ही कर रहे है या कुछ और देख रहे है।

उन्होंने सहायक श्रम आयुक्त को निर्देश दिए कि वे विभाग की बाल श्रम को लेकर जारी की गई गाईड लाईन के मुताबिक जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक हर माह आयोजित करवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने पुलिस अधिकारी को निर्देश दिए कि रात्रि 8 बजे के बाद यदि कोई लावारिस नाबालिगलडकी या लडके को बाल संरक्षण संस्थान में ही भेजे। उन्होंने स्वास्थय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पोक्सों एक्ट के अंतर्गत पीडित बच्चे व संस्थाओं में रह रहे बच्चों के मैडिकल को प्राथमिकता दी जाएं ताकि उनको परेशान न होना पडे।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी ने बैठक के समापन पर आयोग के सदस्यों तथा अन्य विभाग से आये हुए अधिकारियों का धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि पिछले तीन दिनों से बाल संरक्षण संस्थाओं के निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर करवाया जाएगा ताकि बच्चों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पडे।

इस अवसर पर एएसपी पुष्पा, जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी राज बाला, जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक, सहायक श्रम आयुक्त नरेंद्र कुमारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश चानना, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी, बलराज सांगवान, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, अधीक्षक संध्या, संरक्षण अधिकारी सुमन नैन, रूचि, निधि तथा संस्थाओं के प्रबंधक मौजूद रहे।

# पीएम–विश्वकर्मा योजना से दस्तकारों के जीवन स्तर में होगा सुधार–उपायुक्त

**करनाल।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में परंपरागत कौशल कलाओं को प्रोत्सहन देने के लिए शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा योजना से दस्ताकारों का जीवन स्तर ऊंचा उठेगा। इस योजना के लागू होने से श्रमिकों के बच्चों को मिलने वाली सहायता में भी वृद्धि हुई है। योजना का लाभ लेने के लिए कारीगर को पहले पीएमविश्वकर्मा.जीओवी.इन पोर्टल पर पंजीकरण करवाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम-विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य दस्तकारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। इस योजना से गांवों और शहरों के उन कुशल कारीगरों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जो अपने हाथों से काम करके अपना जीवनयापन करते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत, कारीगरों और शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान-पत्र के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत पांच प्रतिशत की रियायती ब्याज दर के साथ एक लाख रुपये और दो लाख रुपये (दूसरी किश्त) तक ऋष्ठा सहायता प्रदान की जाएगी।

# आईजीयू की यूथ रेड क्रॉस इकाई द्वारा स्वंयसेवकों के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी में विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभागों एवं संबंधित महाविद्यालयों के यूथ रेड क्रॉस स्वंयसेवकों के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालयों के 25 यूथ रेड क्रॉस कार्यक्रम काउंसलर एवं करीब 250 स्वंयसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रशिक्षण अधिकारी एवं नोडल अधिकारी श्री नितिन शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी एवं यूथ रेड सोसायटी, रेवाड़ी के पूर्व कर्मचारी श्री सतीश मस्तान रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विश्वविद्यालय कुल गीत द्वारा किया गया।




यूथ रेड क्रॉस की कार्यक्रम समन्वयक डॉ. समृद्धि ने विभिन्न महाविद्यालयों से आए कार्यक्रम परामर्शदाताओं का स्वागत किया। उन्होंने नए स्वंयसेवकों को युथ रेड क्रॉस द्वारा वर्ष भर में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों, रक्तदान शिविरों, स्वास्थ्य, सफाई और बीमारियों पर प्रायोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं जागरूकता अभियानों, राज्य स्तरीय शिविरों, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविरों आदि की जानकारी दी। उन्होंने गत वर्ष विश्वविद्यालय यूथ रेड क्रॉस द्वारा आयोजित गतिविधियों के विषय में भी बताया।

मुख्य अतिथि श्री नितिन शर्मा ने स्वंयसेवकों को आजीवन सदस्यता के लाभ बताते हुए उन्हें युद्ध रेड क्रॉस जो कि विश्व की सबसे बड़ी स्वंयसेवी संस्था है उसकी आजीवन सदस्यता लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आपातकाल में सीपीआर देने का प्रशिक्षण, स्वंयसेवकों को दिया और नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। विशिष्ट अतिथि श्री सतीश मस्तान ने यूथ रेड क्रॉस को जन सेवा का माध्यम बताते हुए स्वंयसेवकों से अपील की कि वह गांव, घर और मोहल्ले में जाकर आमजन को जागरूक करें और वाईआरसी द्वारा निशुल्क दी जाने वाली सेवाओं के बारे में अवगत कराए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार ने सभी स्वंयसेवकों को आपदा के समय आगे जाकर जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया एवं देश व समाज कल्याण की सोच से स्वंयसेवकों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी. यादव ने सभी स्वंयसेवकों को सीपीआर, रक्तदान के महत्व से अवगत करवाया एवं सभी स्वंयसेवकों को जीवन में कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि यूथ रेड क्रॉस का हिस्सा बनकर अपने कर्तव्यों का अच्छे से पालन करें एवं समाज में फैली भ्रांतियां को दूर करें। उन्होंने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों की यूथ रेड क्रॉस इकाइयों को आगामी सत्र के लिए शुभकामनाएं दी। विश्वविद्यालय यूथ रेड क्रॉस प्रोग्राम काउंसलर श्री पवन कुमार ने सभी का धन्यवाद करते हुए स्वंयसेवकों को शुभकामनाएं दी। मंच संचालन वाईआरसी स्वंयसेवक लक्ष्य यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रिंकी, मनीषा, कपिल, ज्योति, विपिन कुमारी, मोनिका आदि स्वंयसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रविंद्र, लक्ष्य, जतिन, मुस्कान, केशव, पूजा और आरजू द्वारा नशे के दुष्प्रभावों पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं श्रीमद् भागवत गीता की प्रति देकर सम्मानित किया। गत वर्ष उत्कृष्ट कार्यो के लिए वाईआरसी एग्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्यों कोमल सैनी एवं रविंद्र को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों से आए कार्यक्रम काउंसलर डॉ. राजेश बंसल, डा. मेघना शर्मा, डॉ. मनीषा, श्रीमती विवेक भारती, डॉ. निखिलेश, डॉ. साधना, डॉ. अनिल कुमार आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम काउंसलर डॉ. जसविंदर, डॉ. रितु, डॉ. भारती, पवन कुमार, हेमंत ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पांच सौ से अधिक परिवारों ने कराया घरों में णमोकार महामंत्र का अखंड जाप



**करनाल**–कर्ण नगरी में शांति और सद्भाव के लिए णमोकार महामंत्र का अखंड जाप पिछले तीन माह से चल रहा हैं। अब तक पांच सौ से अधिक परिवारों ने इसका जाप किया हैं। लगभग तीन सौ से अधिक परिवार आने वाले दो माह माह में अखंड जाप करेंगे। इसके अंतर्गत चौबीस धंटे का जाप घर घर में होता हैं। इसकी श्रंखला लगातार चल रही हैं। पांच महीने तक प्रति दिल लगातार णमोकार महामंत्र का जाप चलता रहेगा। तीन महीने बीत चुके हैं। दो माह आी शेष ळैं। इस अभियान में बच्चे युवा अधिक उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। गत दिवस सैक्टर सात में रमन जैन तथा नीतू ज्ैन ने अपने घर पर इसका आयोजन किया था। इस अवसर पर समाज के सभी लोगों ने इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भग लिया। यह कार्यक्रम सैक्टर 13, आठ नौ छह सात नौ तथा शहर में जैन धर्मालुओं के यहां चल रहा हैं। इसके अलावा स्थानकों में भी नियमित रूप से चल रहा हैं। रमन जैन के निवास पर हुए जाप में नवीन जैन अशोक जैन, प्रभात जैन रतन जैन सतीश जैन, सौरभ जैन सुशील जैन,सुरेंद्र जैन राहुल जैन, दीपक जैन सुनील जैन दिनेश जैन के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ ऊपेंद्र मुनि ने किया। वह अपने शिष्यों के घर में जा कर धर्म का मगल प्रचार कर रहे हैं।

# बुखार के मरीजों को लेकर अस्पताल प्रशासन अलर्ट, डेंगू के लिए अलग से बनाया गया वार्ड

**होडल।** उपमंडल नागरिक अस्पताल में बुखार के मरीजों की संख्या बढने पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। अस्पताल में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा रोगियों के सामान्य वार्ड के अलावा अन्य सभी कमरों में फिनायल युक्त पानी से धुलाई कराई जा रही है। अस्पताल में डेंगू एवं चिकनगुनिया के मरीजों के लिए चार बैडों का एक अलग से वार्ड तैयार कर लिया है। इस वार्ड के साथ एक अन्य चार बैडो वाले कमरे को रिजर्व में रखा गया है। बनाए गए डेंगू वार्ड में सभी बैड़ों पर मछरदानी एवं रोशनदानों पर जाली लगाकर तैयार किया गया है। हालांकि अस्पताल में अभी तक डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारी से ग्रस्त मरीज नहीं आए हैं, लेकिन बुखार खांसी जुखाम एवं बार-बार कफ आने के अलावा बदन दर्द जैसी बीमारी से ग्रस्त रोगी सैकड़ों की संख्या में रोजाना पहुंच रहे हैं। अस्पताल में बुखार के रोगियों का उपचार करने वाले डाक्टर मरीजों को दवाइयां देने के साथ-साथ उन्हें अन्य हिदायतों से भी अवगत कराया जा रहा है। बताया जाता है कि नागरिक अस्पताल में लगभग तीन सौ से लेकर साढ़े तीन सौ महिला पुरुष एवं बच्चे रोजाना उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें से सैकड़ों मरीज बुखार से पीड़ित बताए जा रहे हैं। अस्पताल में तैनात डाक्टर बुखार के मरीजों को उपलब्ध कराए जाने वाले उपचार के साथ-साथ पूरी बाजु के कपड़े पहने एवं पानी उबालकर पीने की लगातार सलाह दे रहे हैं। जानकारी में यह भी बताया गया है कि बार-बार बुखार आने वाले रोगियों को अस्पताल में रक्त जांच कराने की सलाह भी दी जारी है।

बुखार के मरीजों को डाक्टर दे रहे हैं सलाह

बार-बार बुखार आने पर अस्पताल के डॉक्टर मरीजों को अपना रक्त जांच कराने, पूरे बाजू के कपड़े



पहने, मच्छरदानी का प्रयोग करने, खांसी आने पर वरिष्ठ डाक्टरों से परामर्श कर उपचार लेने, पानी उबालकर पीने, मच्छरों की रोकथाम के लिए घर की साफ-सफाई नियमित करने, सर्दी से बुखार आने पर तुरंत डाक्टरों से संपर्क कर उपचार कराने के लिए कह रहे हैं।

अस्पताल में तीन, साढ़े तीन सौ मरीज रोजाना उपचार के लिए पहुंच रहे हैं जिनमें से सैंकड़ों मरीज बुखार के आ रहे हैं। इस प्रकार के रोगियों के देखने के लिए अलग से कमरा बनाया हुआ है, हालांकि अस्पताल डेंगू का अभी तक कोई मामला सामने नहीं आया है फिर भी अलग से चार बैड़ों वाला एक वार्ड तैयार कर दिया गया है। बुखार के मरीजों को उपचार के साथ-साथ रोग से संबंधित हिदायत दी जा रही हैं।

# विकास कार्य को अधिकारी गति प्रदान करें: विधायक महिपाल ढांडा

**पानीपत।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा क्षेत्र के विकास को लेकर की गई घोषणाओं की वर्तमान स्थिति जानन्ने को लेकर पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा ने उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में वीरवार को जिला सचिवालय में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली व सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की वर्तमान स्थिति के बारे में पता लगाया। पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिले का विकास कराना सरकार की प्राथमिकताओं का हिस्सा है। हर क्षेत्र में विकास को गति दी जा रही है। विकास कार्यो को अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर करें। जो अधिकारी समय पर कार्य नही करते उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। कार्यो में हो रही देरी के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने अधिकारियों को समय पर कार्य करने व लक्ष्य निर्धारित करके कार्य करने का सुझाव दिया।




विधायक ने समीक्षा बैठक में पिछले तीन चार वर्षो के दौरान शेष बचे कार्यो के बारे में गंभीरता पूर्वक जानकारी ली। बैठक में विधायक ने अधिकारियों को हिदायत दी कि सभी अधिकारी समय पर काम करें और लेटलतीफी ना करें। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जिले में विभिन्न योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यो की स्थिति से विधायक को अवगत करवाया व आश्वासन दिया कि जो कार्य निर्धारित समय पर नही होंगे, उन अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि क्षेत्र में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के तहत कई खण्डों में 90 प्रतिशत से ज्यादा कार्य पूर्ण हो चुके हैं। कुछ विकास कार्य ऐसे बचे हैं जिनकी टैण्डरिंग की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि लम्बित कार्यो को पूरा करवाने को लेकर वे समय-समय पर अधिकारियों से अपडेट लेते रहे हैं। उन्होंने विधायक को आश्वस्त किया कि अगले दो महीनों में लम्बित पड़े ज्यादातर विकास कार्यो को पूर्ण किया जाएगा। इस मौके पर एडीसी वीना हुड्डा के अलावा विभिन्न विभागों के अध्यक्ष मौजूद रहे।

# क्राइम डायरी

## क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश की हुई पदोन्नति, बने इंस्पेक्टर

पदोन्नति पर पुलिस आयुक्त महोदय ने बधाई देते हुए दी शुभकामनाएं।




**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने आज क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश कुमार व उनकी टीम के साथ अपने कार्यालय में चाय पर चर्चा पर टीम के कार्यों की हौसला अफजाई की तथा क्राइम ब्रांच प्रभारी को पदोन्नति पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

क्राइम ब्रांच 48 की टीम के साथ चाय पर चर्चा के दौरान उनके कार्यों की समीक्षा की गई तथा क्राइम ब्रांच टीम ने अपने अनुभव साझा किए। पुलिस आयुक्त ने क्राइम ब्रांच टीम के कार्यों के प्रशंसा करते हुए कहा कि क्राइम ब्रांच ने अपने खुफिया तंत्र विकसित कर अपराध पर अंकुश लगाने में अपना सराहनीय योगदान दिया है जिसमें उन्होंने हत्या, लूट, डकैती, अवैध हथियार, स्नैचिंग, चोरी, नशा तस्करी इत्यादि वारदातों में संलिप्त अपराधियों को सलाखों के पीछे भिजवाकर पीड़ित को न्याय दिलाने का बेहतरीन कार्य किया है।

इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ तालमेल से उन क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले व्यक्तियों पर गुप्त सूत्रों के माध्यम से निगरानी रखकर उनकी सूची तैयार की गई जिसकी मदद से पुलिस अपराधियों तक पहुंचने में कामयाब रही। क्राइम ब्रांच प्रभारी ने अपने सह पुलिसकर्मियों व अन्य क्राइम ब्रांच टीमों के साथ अच्छे संपर्क बनाकर अपराधियों पर शिकंजा करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। बैठक के समापन पर पुलिस आयुक्त ने उपनिरीक्षक राकेश को पदोन्नति पाकर इंस्पेक्टर बनने पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## इंस्पेक्टर गीता ने गवर्नमेंट मॉडल महिला आईटीआई में करीब 150 छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराध के बारे में जागरूक किया

### इसके साथ ही छात्रों को साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा, नशाखोरी जैसे सामाजिक मुद्दों के बारे में भी किया गया जागरूक

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ के दिशा निर्देश के तहत महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता व उनकी टीम ने गवर्नमेंट मॉडल महिला आईटीआई में करीब 150 छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा संबंधित सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरुक करते हुए जानकारी प्रदान की। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि छात्राओं को जागरूक करने के लिए महिला थाना सेंट्रल की टीम कॉलेज पहुंची जहां पर कॉलेज प्रशासन ने पुलिस टीम का भव्य स्वागत किया और छात्रों को जागरूक करने के लिए मंच पर आमंत्रित किया। इंस्पेक्टर गीता ने वहां पर मौजूद छात्राओं तथा शिक्षकों को महिला विरुद्ध अपराध के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि महिला सुरक्षा के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा अहम कदम उठाए जा रहे हैं जिसके लिए माननीय पुलिस



आयुक्त ने सेफ सिटी परियोजना शुरू की है।फरीदाबाद पुलिस की सेफ सिटी मुहिम के बारे में बताया कि महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए माननीय पुलिस आयुक्त द्वारा सेफ सिटी पहल की शुरुआत की गई है जिसके लिए रात्रि के समय यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में कुछ अहम कदम उठाए गए हैं। इसके लिए महिलाओं को डायल 112 पर रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जो महिलाएं रात के समय यात्रा करती हैं वह डायल 112 पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकती हैं। इसका फायदा यह होगा कि रजिस्ट्रेशन करने के बाद जब वह डायल 112 पर फोन करेंगे तो उन्हें दोबारा से अपनी सारी जानकारी नहीं देनी पड़ेगी बल्कि रजिस्ट्रेशन करने के परिणामस्वरुप उनकी सारी जानकारी पुलिस के पास पहले से मौजूद होगी इसलिए महिलाओं का समय भी बचेगा और उन्हें तुरंत मदद भी पहुंचाई जा सकेगी। इसके साथ ही फरीदाबाद में ऑटो चालकों का डाटा एकत्रित किया जा रहा है जिसमें ऑटो चालकों को एक यूनिक नंबर अलॉट किया जाएगा ताकि उनको ट्रैक करना आसान हो। ऑटो चालकों को निर्देशित किया गया है कि वह अपना व ऑटो मलिक का मोबाइल नंबर सहित सारी जानकारी ऑटो के अंदर सामने वाली साइड पर लगाकर रखें ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाएं यह फोटो डायल 112 पर भेज सकें जिससे पुलिस को जानकारी प्राप्त हो जाएगी की यह महिला किस ऑटो में सफर कर रही है। इसके अलावा पुलिस टीम ने छात्रों को साइबर अपराध से बचने के लिए अपना बैंक खाता, क्रेडिट या डेबिट कार्ड की कोई जानकारी किसी के साथ साझा न करने की हिदायत दी। पुलिस द्वारा दुर्गा शक्ति एप छात्राओं के मोबाइल में डाउनलोड करवाया गया और इसके बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों ने महिला हेल्पलाइन 1091, दुर्गा शक्ति एप के बारे में छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि यदि आपको कहीं पर भी महिला विरुद्ध अपराध घटित होता दिखाई दे तो वह इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस द्वारा इस प्रकार के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही छात्रों को साइबर अपराध से बचाव के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7290010000, नशा तस्करों के बारे में पुलिस को सूचना देने के लिए 9050891508 हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल प्रशासन व छात्रों ने पुलिस द्वारा दी गई इस अहम जानकारी के लिए उनका धन्यवाद किया।

## पुलिस आयुक्त ने किया पुलिस वेरिफिकेशन डेस्क का औचक निरीक्षण

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने गुरुवार को सेक्टर-21सी स्थित अपने कार्यालय की पुलिस वेरिफिकेशन डेस्क का औचक निरीक्षण किया और निरीक्षण करने के पश्चात वहां पर वेरीफिकेशन का आवेदन देने के लिए पहुंचे आवेदनकर्ताओं से वेरिफिकेशन डेस्क की सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया।पुलिस आयुक्त ने वेरिफिकेशन ब्रांच इंचार्ज सुंदर सिंह से पुलिस वेरीफिकेशन की प्रक्रिया और माध्यम के बारे में पूछताछ की और उन्हें पुलिस वेरिफिकेशन को जल्द से जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस वेरिफिकेशन करवाने आए आवेदकों को ऑनलाइन पुलिस वेरिफिकेशन के बारे में जानकारी देना सुनिश्चित करें क्योंकि ऑनलाइन वेरिफिकेशन की फीस मात्र 50 है जबकि ऑफलाइन वेरिफिकेशन की फीस 500 है। आमजन को ऑनलाइन वेरिफिकेशन की जानकारी नहीं होती इसलिए वह ऑफलाइन माध्यम से पुलिस वेरिफिकेशन करने के लिए यहां आते हैं जिसमें उनका आने जाने का खर्च तथा समय की बर्बादी होती है तथा फीस भी ज्यादा देनी पड़ती है। पुलिस वेरिफिकेशन के लिए आवेदकों को लाइन में लगना पड़ता है जबकि ऑनलाइन माध्यम से आसानी से आवेदन किया जा सकता है। इसके बाद पुलिस आयुक्त ने पुलिस वेरिफिकेशन करवाने आए आवेदकों से पुलिस वेरिफिकेशन सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया तथा उन्हें भी पुलिस वेरिफिकेशन को ऑनलाइन करवाने के लिए जानकारी दी। पुलिस आयुक्त ने आवेदनकर्ताओं को बताया कि वह अपनी, अपने सहायक, किराएदार, टेनेंट की पुलिस वेरीफिकेशन करवा सकते हैं।

## क्राईम ब्रांच सैक्टर 17 फरीदाबाद ने ऑटो चोरी के मुकदमे में 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 17 प्रभारी श्यामबीर व उनकी टीम ने ऑटो चोरी के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नरेंद्र तथा सुधीर का नाम शामिल है। दोनों आरोपी दिल्ली के अलीपुर थाना एरिया के रहने वाले हैं। 30 मई 2023 को मुजेसर एरिया में आरोपियों ने एक घर के सामने से ऑटो चोरी किया था। ऑटो मालिक ने इसकी शिकायत मुजेसर थाने में दी इसके पश्चात चोरी की धाराओं के तहत



मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश की जा रही थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए उक्त दोनों आरोपियों को चोरी की ऑटो सहित बदरपुर बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी इस चोरी के ऑटो पर दिल्ली नंबर की नंबर प्लेट लगाकर फरीदाबाद में फिर से चोरी की किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में आए थे जो पुलिस ने उन्हें पहले ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह ऑटो चोरी करने के पश्चात दिल्ली चले जाते हैं ताकि वह पुलिस की गिरफ्त से बच सके। आरोपियों ने बताया कि वह दिल्ली में यह ऑटो चलाते थे। चोरी का ऑटो बरामद करने के पश्चात आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।





# बच्चों की काबिलियत पर ध्यान दें अभिभावक

**माता-पिता बच्चे के जन्म के साथ ही उसके बहुत बड़े अधिकारी बनने के ख्वाब पाल लेते हैं। कई बार तो ये अभिभावक बच्चों की काबिलियत पर भी ध्यान नहीं देते। बड़े अधिकारी का बेटा भी पढ़ाई में बहुत अच्छा होगा, ये जरूरी नहीं है। ऐसे में उस बच्चे से तमाम उम्मीदें बांधना बच्चे के ऊपर कितना बड़ा मानसिक बोझ है!**

बच्चों को घर पर छोड़कर आए एक दंपति ने सामने वालों के घर पहुंचते ही कहा कि बच्चे पढ़ने में बिजी हैं, इसलिए खाने पर हम दोनों ही आ गए। बातों ही बातों में उन वैज्ञानिक पति और लेक्चरर पत्नी ने यह भी कह दिया कि आप लोगों ने तो मामूली सरकारी नौकरी की है इसलिए आप लोगों की बात अलग है। लेकिन हम आज जिस मुकाम पर है, उस हिसाब से हमने अपने बच्चों के लिए भी कुछ बेंच मार्क्स तय किए हैं। ताकि वह हमसे भी ज्यादा ऊंचे ओहदे पर पहुंचे!

## केस 2

'अरे साब! क्या बात कर रहे हैं, आप तहसीलदार हैं तो रोहित डिप्टी कलेक्टर बनेगा ही। नाक कटवाएगा क्या पिता की' ? उधर, तहसीलदार पिता, अपने चापलूस मित्र की बात पर केवल खिसियानी हंसी हंस रहे थे, वे ये नहीं कह पाए कि उनका बेटा अपनी काबिलियत, अपनी रुचि के हिसाब से जो बनना चाहेगा, वही बनेगा। लेकिन बेटा सहम गया। उसे तो सिर्फ उसके आगे आने वाले समय की चिंता थी।

## केस 3

'क्यों रोहन, तुम्हारे पापा शहर के इतने बड़े डॉक्टर हैं, और तुम्हें जरा भी नहीं लगता कि अपने पापा की तरह बनो? उनकी तरह क्या, तुम्हें उनसे चार कदम आगे निकलकर दिखाना होगा न' ? तुम्हारे दादा होम्योपैथी के डॉक्टर थे और तुम्हारे पापा ने मेडिसिन में नाम कमाया। जरा मन लगाकर पीएमटी की तैयारी करो। रोहन, जिसे मैथ्स, फिजिक्स जैसे विषयों में दिलचस्पी है, पिता के प्रभाव के आगे कुछ बोल नहीं पा रहा था। हां, मगर चिंता में जरूर पड़ गया कि यदि मैं डॉक्टर नहीं बन पाया तो.?

ये किस्सा केवल रोहित या रोहन का नहीं है, बल्कि हमारे समाज के अधिसंख्य बच्चों का है, जिनके माता-पिता बच्चे के जन्म के साथ ही उसके बहुत बड़े अधिकारी बनने के ख्वाब पाल लेते हैं। कई बार

अधिकारी का बेटा भी पढ़ाई में बहुत अच्छा होगा, ये जरूरी नहीं है। ऐसे में उस बच्चे से तमाम उम्मीदें बांधना बच्चे के ऊपर कितना बड़ा मानसिक बोझ है! बच्चा ऐसी इच्छाएं सुनकर ही दहशत में आ जाता है। पढ़ाई के बोझ के साथ-साथ मां-बाप का नाम रोशन करने का बोझ उठाए, न ठीक से पढ़ाई कर पाता है, न ही दिमागी सुकून मिल पाता है उसे। पढ़ाई के समय ये तनाव बच्चों के ऊपर जबर्दस्त तरीके से सवार होता है। इस तनाव के शिकार बच्चे का

तो? जैसी चिंता पर ज्यादा केंद्रित रहता है। नतीजतन, न पढ़ाई हो पाती है, न आराम और न ही अगला पेपर अच्छा हो पाता है।

## रिसर्च में भी खुलासा

अमेरिका के मियामी विश्वविद्यालय की एक रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 1970 के बाद से बच्चों के प्रति जिस प्रकार अभिभावकों की अपेक्षाएं बढ़ रही हैं, उनसे बच्चों में तनाव का आंकड़ा आश्चर्यजनक रूप से बढ़ा है। प्रो.जेफरी पी.बोस्को का कहना है कि यह ग्राफ वर्ष 70 से लेकर 2000 के बीच में करीब 17 प्रतिशत तक बढ़ा, जो

रहा है। अभिभावकों में बच्चों को पूरे समय पढ़ाते/पढ़ते देखने की अजीबोगरीब रुचि पैदा हो गई है। अधिकांश अभिभावक स्कूल में भी ये शिकायत करते मिल जाएंगे-क्या करें पढ़ता ही नहीं है, टीवी देखता है। अब यदि बच्चे को हर वक्त पढ़ाई में ही जुटा देखने की चाहत अभिभावक की होगी तो उन्हें क्या लगता है, बच्चे सचमुच पढ़ रहे होंगे? ना, बिल्कुल नहीं। पढ़ाई में मन लगने का भी एक निश्चित

है, पढ़िए, जैसे ही मन उचाट हो, किताब बंद कर दीजिए क्योंकि बिना मन के पढ़ाई होगी ही नहीं। मजे की बात, मां-बाप का, बच्चे को खुद से बेहतर बनाने का दवाब अधिकांशत: लड़कों पर ही होता है। इस दवाब की शिकार फिलहाल लड़कियां नहीं हैं। इसके पीछे वही सोच काम कर रही होती है कि लड़की को तो दूसरे के घर जाना है, सो उनका नाम तो लड़के को ही रोशन करना है, तब पूरा ध्यान लड़के पर ही लगाया जाए।

दसवीं का एक बच्चा, जो शाम की क्लास में आता है, उसे मैथ्स नहीं पढ़ना। सबसे कम नंबर उसके मैथ्स में ही आते हैं जबकि दूसरे

माता-पिता उसे बहुत बड़ा इंजीनियर बनाना चाहते हैं और बच्चा अभी से तनाव में है कि यदि उसे किसी भी प्रकार से मैथ्स दिला दी गई, तो वह कैसे पढ़ेगा?

## बच्चों की मानसिकता समझें

पिछले दिनों अखबारों में कई समाचार आए बच्चों द्वारा आत्महत्या किए जाने के। सामान्य तौर पर हमारी प्रतिक्रिया होती है-'अरे! पेपर अच्छा नहीं हुआ था तो उसमें मरने की क्या बात? लेकिन ये हम या आप कह रहे होते हैं न? उस बच्चे पर इस इम्तिहान को लेकर, संबंधित विषय को लेकर घर वालों का कितना दबाव रहा होगा, ये उसकी आत्महत्या से हम समझ सकते हैं। मरना बहुत आसान नहीं होता। एक बच्ची ने आत्महत्या के अपने नोट में लिखा- मेरी अंग्रेजी बहुत कमजोर है। मैं इस विषय में पास नहीं हो पाऊंगी। सोचिए उस बच्ची पर अंग्रेजी का कैसा दवाब रहा होगा? तो माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों की रुचियों का ध्यान रखें और उन्हें अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने को न केवल प्रोत्साहित करें, बल्कि मौके भी तलाशें। आज चुनिंदा विषय नहीं रह गए हैं पढ़ने को, न ही चुनिंदा राहें। हर विषय के बच्चों के लिए काम के पर्याप्त मौके हैं। बच्चों को उनके अपने सपने पूरे करने दें, उनमें अपना सपना साकार न करें। हमारी ये सोच शायद उन्हें तनावमुक्त कर सकें।

बच्चों के लिए स्कूल में स्पोर्ट्स खेलना जरूरी होता है क्योंकि यह कई तरह से उन्हें फायदा पहुंचाता है।

# बच्चे के स्कूल में जरूर होनी चाहिए स्पोर्ट्स फैसलिटी

सिर्फ काम और खेलकूद नहीं, ऐसे तो बच्चा सुस्त बन जाएगा। स्पोर्ट्स से दूर रहने से इंसान फिट नहीं रह पाता है और स्ट्रेस में रहता है और बोरिंग भी बन जाता है। स्पोर्ट्स सिर्फ एंटरटेनमेंट या मजे के लिए ही नहीं होते हैं बल्कि इससे मेंटल और फिजिकल हेल्थ को भी बहुत फायदे मिलते हैं। इसलिए मेंटली और फिजिकली फिट रहने के लिए आपको स्पोर्ट्स को अपनी आदत में शुमार करना चाहिए। अगर आप भी पेरेंट हैं, तो अपने बच्चे को स्पोर्ट्स में हिस्सा लेने के लिए कहें और स्कूल में भी स्पोट्स पर जोर देने की बात करें।

## लीडरशिप स्किल्स आते हैं

स्पोर्ट्स से बच्चे में अपनी टीम का नेतृत्व करने का गुण विकसित होता है। इस प्रक्रिया के दौरान बच्चे में निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। लीडर बनकर बच्चा अपनी टीम के साथ कोऑर्डिनेट करना और सलाह देना और लेना सीखता है। बच्चे को अपनी कमजोरी और ताकत का भी पता चलता है जिससे वो समय के साथ बेहतर होता जाता है।

## फिजिकल ग्रोथ होती है

फिजिकल एक्टिविटी और एक्सरसाइज से बच्चे की मांसपेशियों और हड्डियों के विकास को बढ़ावा मिलता है। स्पोर्ट्स खेलने वाले बच्चे अच्छी डाइट भी लेते हैं जिससे उनकी सेहत और एनर्जी लेवल अच्छा रहता है। हेल्दी आदतों से कोशिकाओं और हार्मोंस का लेवल भी संतुलित रहता है। अगर बच्चा फिजिकली फिट होगा, तो वो अपनी पढ़ाई पर भी अच्छे से ध्यान दे पाएगा।

## अच्छी नींद आती है

खेलकूद के बाद बॉडी धीरे-धीरे नींद लाने वाले हार्मोंस को ट्रिगर करता है। ये हार्मोंस शरीर को आराम देते हैं जिससे अच्छी नींद आती है। अगर बच्चा ठीक से सोएगा नहीं, तो उसे स्कूल में सुस्ती आएगी और वो पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाएगा। इसलिए बच्चों के लिए स्पोर्ट्स जरूरी हैं।

## आत्मविश्वास बढ़ता है

गेम में बच्चे को अपनी ताकत और क्षमता के बारे में पता चलता है। इससे बच्चा खुद को दूसरों से बेहतर और अलग मानता है। अपनी ताकत को जानकर बच्चे का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। जब टूर्नामेंट में बच्चे की तारीफ की जाती है, तो इससे उसका कॉन्फिडेंस बढ़ता है और वो नई चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर पाता है।

## टीम में रह कर काम करना

स्पोर्ट्स से बच्चा अपने साथियों के साथ को-ऑर्डिनेट करना सीखता है। एक टीम में अलग-अलग जेंडर, कास्ट, रंग और धर्म के लोग मिलते हैं। यहां बच्चा हर किसी के साथ काम करना और उसका आदर करना सीखता है। उसे कुछ क्रिएटिव और स्मार्ट स्किल्स भी सीखने को मिलते हैं। अब तो आप समझ ही गए होंगे कि स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए स्पोर्ट्स कितना जरूरी है। इसका बच्चों को कई तरह से फायदा मिलता है जैसे कि वो फिजिकली फिट बनते हैं और कई तरह के स्किल्स भी सीखते हैं। अगर स्कूल में स्पोर्ट्स नहीं है तो आप स्कूल के स्टाफ से बात करें या आप बच्चे को स्कूल के बाहर किसी एकेडमी में भी कोई स्पोर्ट्स ज्वॉइन करवा सकते हैं।



# अपनी स्किन प्रॉब्लम के हिसाब से बेसन में मिलाकर लगाएं ये चीजें

**मौसम भले कोई भी हो स्किन से जुड़ी समस्याएं होना आम बात है। मगर अक्सर लड़कियां स्किन प्रॉब्लम्स के हिसाब से सही चीजें नहीं चुनती है। इसके कारण समस्या वहीं की वहीं रहती है। वैसे तो स्किन संबंधी समस्याओं से आराम पाने के लिए बेसन का इस्तेमाल करना बेस्ट माना गया है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे बताते हैं कि जिसे आप बेसन में मिलाकर लगाने से फायदा मिलेगा। जानते हैं उन होममेड फेसपैक के बारे में...**

## ऑयली स्किन के लिए बेसन और टमाटर फेसपैक

ऑयली स्किन टाइप वाली लड़कियों को बेसन और टमाटर का फेसपैक लगाना चाहिए। यह चेहरे से एक्स्ट्रा ऑयल साफ करके त्वचा की रंगत निखारने में मदद करता है। इससे चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बे, सनटैन की समस्या दूर होने में मदद मिलती है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

इसके लिए 1 टमाटर को ब्लेंड करके पेस्ट बनाएं। फिर इसमें जरूरत अनुसार बेसन, कुछ बूंदें नींबू के रस की मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट या सूखने के बाद फेसपैक को हल्के हाथों से स्क्रब करते हुए उतारे। बाद में ताजे पानी से मुंह धो लें।

## दाग-धब्बे हटाने के लिए बेसन और हल्दी फेसपैक

अगर आप चेहरे पर पड़े दाग-धब्बे, कील-मुंहासे आदि से परेशान है तो बेसन में हल्दी मिलाकर लगाएं। इससे स्किन संबंधी समस्याएं दूर होकर चेहरा साफ, निखरा, मुलायम व जवां नजर आएगा। साथ ही त्वचा की रंगत निखरेगी।

### ऐसे करें इस्तेमाल

एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच बेसन, चुटकीभर हल्दी और जरूरत अनुसार गुलाब जल या पानी मिलाएं। अब इसे चेहरे व गर्दन पर 10-15 मिनट तक लगाएं। बाद में इसे पानी से साफ करके मॉश्चराइजर लगा लें।

## झुर्रियां दूर करने के लिए बेसन और दही फेसपैक

झुर्रियों को कम करने के लिए दही और बेसन का फेसपैक बेस्ट माना जाता है। यह ढीली पड़ी स्किन को टाइट करने उसे ग्लोइंग बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही यह त्वचा को नमी देकर बुढ़ापे के लक्षण करता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच बेसन और जरूरत अनुसार दही मिलाएं। इसे हल्के हाथों से चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20-30 मिनट के बाद चेहरा धो लें।

## ग्लोइंग स्किन के लिए बेसन और शहद फेसपैक

सनटैन से खराब हुई स्किन पर निखार वापस लाने के लिए आप बेसन और शहद का फेसपैक लगा सकती है। बेसन स्क्रब की तरह काम करके डेड स्किन सेल्स को साफ करता है। वहीं शहद क्लींजिंग एजेंट की तरह काम करके ग्लो लाने में मजज करता है। इसके साथ ही त्वचा में होने वाली जलन, खुजली व रूखापन दूर होगा।



### ऐसे करें इस्तेमाल

इसके लिए एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच बेसन और जरूरत अनुसार शहद मिलाएं। इसे चेहरे व गर्दन पर स्क्रब करते हुए लगाएं। 15-20 मिनट तक लगा रहने दें। बाद में इसे पानी से साफ कर लें।



# मानसून में बनाएं कॉर्न चाट

मानसून में गर्मा-गर्म भुट्टा तो आपने बहुत खाएं होंगे। मगर आज हम आपके लिए खास स्वीट कॉर्न चाय रेसिपी लेकर आए है। इसे आप अपनी मनपसंद सब्जियों से बना सकती है। वहीं स्वीट कॉर्न पोषक तत्व व एंटी-ऑक्सडीटेंस गुणों से भरपूर होती है। ऐसे में इसका सेवन करने से टेस्ट के साथ सेहत भी बरकरार रहेगी। जानते हैं इसे बनाने का तरीका...

## सामग्री

फोजन कॉर्न (उबले)- 900 ग्राम, मिर्च पाउडर - 1/2 छोटा चम्मच, भुना जीरा पाउडर - 2 छोटे चम्मच
नमक- आवश्यकता अनुसार, शिमला मिर्च - 2
नींबू का रस -2 बड़े चम्मच, धनिया - 2 बड़े चम्मच
काली मिर्च - 1/2 छोटा चम्मच
काला नमक - 1 छोटा चम्मच, टमाटर - 1 कप
प्याज - 1, तेल- आवश्यकता अनुसार

## विधि

एक बाउल में सभी मसाले मिलाएं।
अलग बाउल में सब्जियां काट कर मिलाएं।
पैन में तेल गर्म करके मीडियम आंच पर कॉर्न फ्राई करें।
अब कॉर्न को सब्जियों में मिलाएं।
इसमें मसाला, नींबू का रस मिलाएं।
चाट को सर्विंग प्लेट में निकाल कर धनिया से गार्निश करके सर्व करें।

# बच्चों के लिए बनाएं क्रिस्पी चीजी रैप

चीज से आपने बर्गर, पिज्जा तो बहुत खाया होगा। वहीं बच्चों को तो चीज बेहद ही पसंद होता है। चीज प्रोटीन से भरपूर होता है। यह खाने में टेस्टी होने के साथ सेहत को दुरुस्त रखने में मदद करता है। ऐसे में हम आपके लिए खास चीजी रैप की रेसिपी लेकर आए है।

## सामग्री



उबले मैश्ड आलू- 1,1/2, प्याज- 1 (बारीक कटा)
शिमला मिर्च-1 (बारीक कटी),
चिली फ्लेक्स- 1 छोटा चम्मच,
ऑरिगेनो- 1/2 छोटा चम्मच, ब्रेड स्लाइस- 4,
चीज- 2 बड़े चम्मच (कद्दूकस किया)
नमक- स्वाद अनुसार, तेल- आवश्यकता अनुसार

## विधि

एक बाउल में आलू, प्याज, शिमला मिर्च, चिली फ्लेक्स, ऑरिगेनो, नमक और चीज डालकर मिलाएं।
ब्रेड या रोटी को हल्के से दबाकर स्टफिंग भरें।
ब्रेड पर तेल लगाकर फोल्ड करें।
पैन में तेल गर्म करके ब्रेड रैप तल लें।
इसे सर्विंग प्लेट में निकाल कर टोमैटो सॉस के साथ सर्व करें।

# हैल्थ कॉन्शियस है तो खाएं गुजराती खांडवी

बेसन खांडवी गुजरात की फेमस डिशेज में से एक है। यह खाने में टेस्टी और हल्की होती है। इसे खाने से पेट हैल्दी रहता है। मगर अक्सर लोग इसे बनाने में कंफ्यूजर रहते हैं। आप इसे विकेंड में बनाकर खा सकते हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए खास गुजराती खांडवी की रेसिपी लेकर आए है। जानते हैं इसे बनाने की रेसिपी...

## सामग्री

बेसन- 1 कप
अदरक-हरी मिर्च पेस्ट - 1 बड़ा चम्मच
हल्दी पाउडर - 1/2 छोटा चम्मच
छाछ- 3 कप
हींग- चुटकीभर
राई- 1/2 छोटा चम्मच
नींबू का रस - 1 बड़ा चम्मच
नमक- स्वाद अनुसार
तेल- आवश्यकता अनुसार
नारियल- 2 बड़े चम्मच (कद्दूकस किया)
धनिया- 1 बड़ा चम्मच

## विधि

एक बाउल में बेसन, नमक, हल्दी, नींबू का रस, अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट और छाछ मिलाएं।
इसे पैन में डालकर लगातार चलाते हुए पकाएं।
मिश्रण को गाढ़ा घोल होने तक पकाएं।
अब प्लेट के पिछले हिस्से पर तेल लगाकर मिश्रण पतला सा मिश्रण फैलाएं।
मिश्रण के ठंडा होने पर इसे दो इंच चौड़ी स्ट्रिप्स में काटकर रोल करें।
अब अलग पैन में तेल गर्म करके हींग और राई भूनें।
प्लेट में खांडवी रखकर ऊपर से हींग और राई का तड़का डालें।
नारियल और धनिया से गार्निश करके सर्व करें।





# अक्षय फिर सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने के लिए तैयार

बालीवुड के खतरों के खिलाडी यानि अक्षय कुमार फिर सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने के लिए तैयार हैं। अक्षय अपनी आगामी फिल्म मिशन रानीगंज जल्द लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म 6 अक्टूबर, 2023 को रिलीज होने जा रही है। फिल्म से ज्यादा अक्षय कुमार का एक रिप्लाई चर्चा में आ गया है, जो उन्होंने एक फैन के कमेंट पर दिया है। हाल ही में एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, अक्षय कुमार ने फिल्म के गाने जलसा 2.0 की रिलीज का ऐलान किया। यह गाना अब यूट्यूब और बाकी सभी म्यूजिकल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। जैसे ही गाना रिलीज़ होने की खबर फैली, अक्षय कुमार का इंस्टाग्राम कमेंट सेक्शन फैंस तारीफें करने लगे और मिशन रानीगंज के लिए शुभकामनाएं और प्यार भेजने लगे।

इसी बीच देर रात की पोस्ट देखकर फैन ने पूछा, सर, क्या आप अभी तक सोए नहीं? इस पर अक्षय कुमार ने ऐसा जवाब दिया जिसकी उस फैन ने ही क्या किसी ने भी कल्पना नहीं की होगी। अक्षय ने अपने खास अंदाज में जवाब देते हुए लिखा, लंदन में हूं भाई, शाम के 6 बज रहे हैं, आप कहें तो सो जाऊं। इस फनी रिप्लाई ने इंस्टाग्राम पर हल्ला मचा दिया। कमेंट ने कई लाइक्स बटोरे और लोगों ने भी इस पर मजेदार रिप्लाई लिखे। जैसे-जैसे मिशन रानीगंज की रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है, दुनिया भर के प्रशंसक अक्षय कुमार की एक और वास्तविक जीवन के नायक की भूमिका को देखने के अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

भारतीय सिनेमा में प्रेरक कहानियों को सबसे आगे लाने की उनकी प्रतिबद्धता के साथ, यह फिल्म निश्चित रूप से एक मार्मिक श्रद्धांजलि होगी। बता दें कि यह फिल्म 1989 के रानीगंज कोलफील्ड की वास्तविक जीवन की घटना पर आधारित है जिसने पश्चिम बंगाल को हिलाकर रख दिया था। अक्षय इन दिनों अपनी फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं।



# सिने इकाई का हिस्सा बनकर गौरान्वित हैं विक्की कौशल

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल का कहना है कि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री इस बात का प्रतिनिधित्व करती है कि भारत की विविधता कितनी खूबसूरत है। उन्होंने कहा कि हमारी फिल्म इंडस्ट्री भारत की खूबसूरत विविधताओं का प्रतिनिधित्व करती है। आप देखेंगे कि अलग-अलग बैकग्राउंड्स के लोग टैलेंट और वर्क एथिक के जरिए हमारे इंडस्ट्री में नाम कमा रहे हैं। एक्टर, जिन्हें नेशनल क्रश भी कहा जाता है, को इस विविधता पर बहुत गर्व है। जब हम सेट पर होते हैं, तो हम सभी लक्ष्य की ओर काम करते हुए एक यूनिट होते हैं। हमारी फिल्म इंडस्ट्री भारत का एक सूक्ष्म रूप है और ?जिसका हिस्सा बनकर स्वयं को भाग्यशाली महसूस करता हूं। विक्की की जल्द ही फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली में नजर आएंगे। यह फिल्म भारत की विविधता में एकता का उत्सव है। यशराज फिल्म्स द्वारा निर्मित, विजय कृष्ण आचार्य द्वारा निर्देशित द ग्रेट इंडियन फैमिली 22 सितंबर को रिलीज होने के लिए तैयार है।

# किंक ने रियलिटी टेलीविजन की दुनिया में मचा दिया तहलका

रियलिटी टेलीविजन की दुनिया में किंक ने तहलका मचा दिया है। इस शो ने दर्शकों को ऐसा रोमांच पेश किया है, जो इससे पहले कहीं नहीं देखा गया। किंक का कॉन्सेप्ट, किस इश्क एन कनेक्शन्स दिलचस्प और साहसी दोनों है। एक रेगिस्तानी द्वीप पर फंसे एक जोड़े के प्यार और प्रतिबद्धता की यह आखरी परीक्षा है। दिव्या अग्रवाल द्वारा होस्ट किया गया यह शो प्यार और रिश्तों को एक अनूठे तरीके से फिर से परिभाषित करने का वादा करता है। क्या एक साधारण चुंबन वास्तव में दो लोगों के बीच के बंधन को मजबूत कर सकता है, या यह तीव्र दुश्मनी और संघर्ष को जन्म देगा? उसके लिए आपको शो देखना होगा।

किंक का भव्य लॉन्च मुंबई में एक ग्लैमरस शाम को हुआ जहां दिव्या अग्रवाल और रेड कार्पेट पर शानदार प्रतियोगियों ने मंच पर आग लगा दी। यह एक ऐसा दृश्य था जो उस उत्साह और ड्रामे को दर्शा रहा था जिसका शो में दर्शक इंतजार कर रहे थे। दिव्या अग्रवाल, अपने चुंबकीय आकर्षण और करिश्मा के साथ, किंक के लिए सबसे आदर्श होस्ट हैं। उनकी उपस्थिति दुनिया भर के दर्शकों के जुनून और जिज्ञासा को प्रज्वलित करने के लिए मजबूर कर देगी। जैसा कि वह कहती हैं, किंक प्यार और जुनून की गहराई की खोज के बारे में है।

प्रश्न बना हुआ है- क्या प्रेम सभी पर विजय प्राप्त करेगा, या यह एक उग्र संघर्ष की ओर ले जाएगा?पहले से ही, किंक ने समर्पित फैन क्लबों को जन्म देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। यह भावनाओं का एक सफर है, जहां प्यार, वासना और लालसा जुनून के बवंडर में टकराते हैं। दर्शक मानवीय रिश्तों की जटिलताओं में एक मनोरंजक और अविस्मरणीय यात्रा की उम्मीद कर सकते हैं। ड्रामा, रोमांस और जुनून से प्रेरित, रियलिटी टीवी के प्रशंसक इस रोमांचक शो को मिस नहीं करना चाहेंगे।





# रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का हिस्सा बनीं श्वेता तिवारी

रोहित शेट्टी की हिट फ्रेंचाइजी 'सिंघम' के तीसरे पार्ट 'सिंघम अगेन' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में बाजीराव सिंघम बनकर अजय देवगन दुश्मनों से भिड़ते नजर आने वाले हैं। अजय देवगन ने इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। इस फिल्म में अजय देवगन के अलावा अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण भी पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आने वाले हैं। वहीं अब 'सिंघम 3' में एक और एक्ट्रेस की एंट्री हो गई है। फिल्म में श्वेता तिवारी भी नजर आने वाली हैं। श्वेता तिवारी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर रोहित शेट्टी संग तस्वीरें शेयर करते हुए इसका खुलासा किया है। तस्वीरों में श्वेता और रोहित कैजुअल लुक में कैमरे के सामने पोज देते नजर आ रहे हैं। तस्वीरों के साथ श्वेता ने कैप्शन में लिखा, 'द मैन हिमसेल्फ आपका आभार।

श्वेता तिवारी कई टीवी सीरियल और रियलिटी शोज में काम कर चुकी हैं। वह रोहित शेट्टी के शो 'खतरों के खिलाड़ी' में भी नजर आई थीं। बताया जा रहा है कि श्वेता तिवारी रोहित शेट्टी की वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' का भी हिस्सा हैं।





# बिना परमिशन इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे अनिल कपूर का नाम, आवाज और तस्वीर

बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर ने हाल ही में अपनी पर्सनालिटी राइट्स की सुरक्षा के दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। एक्टर ने एक याचिका दाखिल करके अलग-अलग संस्थाओं को बिना उनकी सहमति के उनका नाम, आवाज, इमेजिस और निक नेम का उपयोग करने पर रोक लगाने की मांग की थी।

वहीं अब दिल्ली हाईकोर्ट ने उच्च न्यायालय ने एक्टर के व्यक्तित्व के अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षा की याचिका पर सुनवाई करते हुए बिना उनकी सहमति के उनका मशहूर सूत्रवाक्य 'झकास' समेत उनके नाम, तस्वीर, आवाज और व्यक्तित्व की अन्य विशेषताओं का व्यवसायिक लाभ के लिए दुरुपयोग करने पर रोक लगा दी है।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने अनिल कपूर द्वारा कई वेबसाइट और मंचों के खिलाफ दायर एक मुकदमे पर सुनवाई के दौरान यह अंतरिम आदेश दिया। अनिल कपूर ने व्यवसायिक लाभ के लिए उनके व्यक्तित्व और सेलिब्रिटी अधिकारों के अनधिकृत शोषण का आरोप लगाते हुए यह मुकदमा दायर किया था।

अनिल कपूर की ओर से पेश वकील प्रवीण आनंद ने कहा कि कई वेबसाइट और मंच विभिन्न गतिविधियों के जरिए वादी के व्यक्तित्व के खूबियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने प्रेरक वक्ता के रूप में अभिनेता की तस्वीर का इस्तेमाल करके सामान की अनधिकृत बिक्री और शुल्क वसूलने, उनकी तस्वीर के साथ अपमानजनक तरीके से छेड़छाड़ करने और जाली ऑटोग्राफ तथा 'झकास' सूत्रवाक्य वाली तस्वीरें बेचने का उल्लेख किया।

याचिका में अनिल कपूर के नाम, आवाज, तस्वीर, उनके बोलने के अंदाज और हावभाव के संबंध में उनके व्यक्तित्व संबंधी अधिकारों की रक्षा करने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि अभिव्यक्ति की आजादी सुरक्षित है, लेकिन जब यह 'सीमा पार करती है' और किसी के व्यक्तित्व संबंधी अधिकारों को खतरे में डालती है, तो यह गैरकानूनी हो जाती है।

अदालत ने कहा, वादी के नाम, आवाज, संवाद और तस्वीरों का अवैध तरीके से और व्यवसायिक उद्देश्य से इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। अदालत किसी के व्यक्तित्व की विशेषताओं के ऐसे दुरुपयोग पर आंख मूंदकर नहीं बैठ सकती।


उच्च न्यायाल ने अन्य अज्ञात लोगों को आपत्तिजनक लिंक प्रसारित करने से भी रोक दिया। उसने संबंधित प्राधिकारी को इन आपत्तिजनक मंचों को ब्लॉक करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि व्यक्ति को ख्याति के साथ नुकसान भी झेलने पड़ते हैं और यह मामला दिखाता है कि 'प्रतिष्ठा एवं ख्याति नुकसान में बदल सकती है', जिससे प्रचार का उसका अधिकार प्रभावित हो सकता है।

# करीना के साथ रोमांटिक सीन करने में नर्वस थे विजय

करीना कपूर खान, विजय वर्मा और जयदीप अहलावत स्टारर फिल्म 'जाने जान' जल्द ही रिलीज होने वाली है। ऐसे में तीनों एटर्स इन दिनों अपनी फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। वहीं हाल ही में फिल्म के प्रमोशन के दौरान विजय ने बताया कि वह करीना के साथ रोमांटिक सीन के दौरान बेहद नर्वस हो रहे थे। उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि वह उन सीन्स को कैसे करें। दरअसल, विजय हाल ही में शहनाज गिल के चैट शो में पहुंचे थे। इस दौरान उनसे करीना से साथ काम करने के एसपीरियंस को लेकर सवाल किया गया, इसपर एटर ने बताया कि करीना कपूर एक शानदार एट्रेस हैं। वह जभी भी जयदीप अहलावत या उनकी ज्यादा तारीफ करती हैं तो दोनों शर्मा जाते हैं। विजय ने आगे कहा- 'हमने हम हमेशा से उनकी फिल्में देखते आए हैं। उनकी परफॉर्मेंस पर सीटियां बजाई हैं, उनकी खूबसूरती के दीवाने रहे हैं। जब वह शस आपके काम की तारीफ करता है, जिसे आप हमेशा से पसंद करते हैंज्तो ऐसे में थोड़ा अजीब सा लगता है। लेकिन आप उन तारीफों को भी एंजॉय करते हैं।'

## करीना के साथ रोमांटिक सीन करने में नर्वस था

बातचीत के दौरान शहनाज गिल ने कहा कि करीना कपूर हमेशा से कई लोगों का क्रश रही हैं। उनके साथ रोमांटिक सीन्स करने का एसपीरियंस कैसा रहा? इस पर विजय ने कहा- फिल्म में एक सीन है, जिसमें वह मुझे बेहद रोमांटिक अदाओं के साथ देखते हुए गाना रही हैं। जैसे ही वह सीन आया, मेरे तो पसीने छूट गए। उस सीन को करते वक्त मैं नर्वस हो गया था। मेरे लिए उस सीन को शूट करना वाकई मुश्किल था। शहनाज ने कहा करीना बेहद हॉट हैं। इस विजय बोले- वह बेहद करिश्माई भी हैं। जब वह परफॉर्म करती हैं, तो बहुत खूबसूरत लगती हैं। उनके पास बहुत खास अदाएं हैं।



## गुजरात के वलसाड में हमसफ़र एक्सप्रेस में लगी आग, हताहत की सूचना नहीं

गुजरात के वलसाड में तिरुचिरापल्ली और श्री गंगानगर के बीच चलने वाली हमसफ़र एक्सप्रेस में आग लग गई। अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ सुमित ठाकुर ने कहा कि वलसाड से गुजरते समय तिरुचिरापल्ली जंक्शन से श्री गंगानगर जंक्शन जाने वाली ट्रेन संख्या 22498 के पावर कार/ब्रेक वैन कोच में आग और धुआं देखा गया। बगल के कोच के सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस ट्रेन से कोच को अलग करने के बाद इसे कुछ ही देर में रवाना किया जाएगा। हालांकि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, अधिकारियों के मुताबिक, आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। कई लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्रेन के वीडियो और तस्वीरें साझा कीं। एक वीडियो में, हमसफर एक्सप्रेस के डिब्बों से धुएं का घना गुबार निकलता देखा गया। ट्रेन के आसपास बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा थे। पिछले महीने तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन पर रामेश्वरम जाने वाली ट्रेन के डिब्बे में आग लग गई थी। 26 अगस्त को लखनऊ से रामेश्वरम जा रही भारत गौरव पर्यटक ट्रेन में हुए हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई थी।

## अमरिंदर सिंह ने ट्रूडो को सौंपी थी आतंकियों की सूची, कहा- जब मैं 2018 में उनसे मिला तो...

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथी और वांछित आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के बारे में कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो के निराधार आरोपों की कड़ी निंदा की है। द इंडियन एक्सप्रेस के लिए एक राय लेख में सिंह ने कनाडा द्वारा भारत विरोधी तत्वों और आतंकवादियों को शरण देने के बारे में चिंता व्यक्त करने के भारत सरकार के पिछले प्रयासों पर प्रकाश डाला, और कनाडा पर आतंकवाद में शामिल व्यक्तियों को राजनीतिक शरण प्रदान करने का आरोप लगाया। उन्होंने 2018 में एक बैठक के दौरान ट्रूडो को सौंपी गई ए-श्रेणी के आतंकवादियों की एक सूची का हवाला दिया, जिसे कनाडा ने कथित तौर पर नजरअंदाज कर दिया था। उन्होंने लिखा कि जब मैं फरवरी 2018 में अमृतसर में भारत सरकार की ओर से पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में ट्रूडो से मिला, तो मैंने कार्रवाई के लिए उन्हें ए-श्रेणी के नौ आतंकवादियों की एक सूची सौंपी।' 'लेकिन कनाडाई सरकार ने सूची को पूरी तरह से नजरअंदाज करना चुना। हालाँकि, सिंह ने कहा कि ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोप 'आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि वह चरमपंथी गैलरी में खेलते हैं। उन्होंने इस स्थिति को केतली को काला कहने का क्लासिक मामला बताया और कहा कि कनाडा ने स्वयं भारत विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कनाडा में भारतीय वाणिज्य दूतावासों और हिंदू पूजा स्थलों पर पिछले हमलों की ओर इशारा करते हुए सवाल किया कि क्या कनाडाई सरकार ने हिंसा के इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई की थी।

## हमारा काम भारत की सेना को चलाना नहीं है, आखिर क्यों सुप्रीम कोर्ट को ये कहना पड़ा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह भारतीय सेना के मामलों को नहीं चला सकता और वह केवल कानून के मामलों में हस्तक्षेप कर सकता है। शीर्ष अदालत एक महिला कर्नल की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसे सैनिकों की एक कंपनी का प्रभार दिया गया था, जिसकी कमान आमतौर पर एक मेजर के पास होती है, जो उससे दो रैंक कनिष्ठ होता है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया कि यह मामला सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) के पास जाना चाहिए, क्योंकि इसमें बहुत सारे तथ्य शामिल हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील मीनाक्षी अरोड़ा ने महिला कर्नल को एक कंपनी का प्रभार दिए जाने का मुद्दा उठाया, जिसका नेतृत्व आमतौर पर एक प्रमुख रैंक अधिकारी करता है। अब हम सेना के मामलों को नहीं चला सकते। पीठ ने कहा कि यह सिद्धांतों के मुद्दों पर मामलों में हस्तक्षेप कर सकता है और 'निश्चित रूप से, हम सेना की कमान संरचना को चलाना शुरू नहीं कर सकते। एक वकील ने कहा कि 2020 के बाद एक भी महिला को पदोन्नति नहीं दी गई है और वे सभी सेवा में हैं। अरोड़ा ने कहा कि महिला अधिकारी को स्थायी कमीशन दिया गया है और वह सेना में कर्नल है और यह उसके लिए घोर अपमान है। अरोड़ा ने कहा कि आमतौर पर एक कर्नल को एक कमांड पोस्ट पर रखना होता है, जिसमें उनके अधीन एक निश्चित संख्या में जेसीओ (जूनियर कमीशन अधिकारी), अधिकारी और अन्य होंगे। पीठ ने कहा कि प्रतिवादी मुद्दों पर अपना जवाब दाखिल कर सकते हैं। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 27 सितंबर को तय की है। शीर्ष अदालत ने 2020 में सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने का निर्देश दिया था।

## चंद्रबाबू नायडू ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख, भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तारी को दी चुनौती

हैदराबाद। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाई कोर्ट ने कौशल विकास भ्रष्टाचार मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। उन्हें प्राथमिक आरोपी के रूप में नामित किया गया था। इससे पहले भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अदालत ने कथित करोड़ों रुपये के आंध्र प्रदेश कौशल विकास निगम भ्रष्टाचार मामले में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को दो दिनों के लिए अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को हिरासत में दे दिया है। आंध्र प्रदेश के अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) पी सुधाकर रेड्डी ने कहा कि नायडू को राजमुंदरी सेंट्रल जेल में रखा जाएगा और जांच की जाएगी। रेड्डी ने कहा कि चंद्रबाबू की जांच करने वाले अधिकारियों की सूची भी अदालत को दी जानी चाहिए। हिरासत में पूछताछ की रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में कोर्ट को दी जाए. जांच से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो लीक नहीं होने चाहिए। राज्य विधानसभा में उनकी पार्टी के लगातार विरोध प्रदर्शन और कार्यवाही बाधित होने के बीच एसीबी अदालत द्वारा नायडू की न्यायिक हिरासत 24 सितंबर तक बढ़ाए जाने के कुछ घंटों बाद यह घटनाक्रम सामने आया।

## आम आदमी पाटी ने बढ़ाई कांग्रेस के लिए मुश्किलें, हरियाणा में अकेले चुनाव लड़ने का भरा दम

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) 2024 का हरियाणा विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगी। इस बात की जानकारी राज्य इकाई के उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने दी। उन्होंने कहा कि पार्टी का पूरा संगठनात्मक ढांचा तैयार है और जल्द ही अपनी ग्राम-स्तरीय समितियों की भी घोषणा करेगी। हालाँकि, ढांडा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए, भारतीय विपक्षी गुट के सदस्यों के बीच सीट बंटवारे पर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है। यह दूसरा मौका है पार्टी की ओर से इस तरह का दावा किया गया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए कोई समझौता नहीं होगा, कोई गठबंधन नहीं होगा और आप सभी 90 सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। लोकसभा के लिए हम पार्टी आलाकमान के आदेश का पालन करेंगे। आप नेता से वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा की हालिया टिप्पणी के बारे में पूछा गया था कि उनकी पार्टी अपने दम पर लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनाव जीतने में सक्षम है। उन्होंने यह भी कहा था कि कांग्रेस अगले साल के आम चुनाव में हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि आप का राज्य में कोई आधार नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से एकजुट होकर मुकाबला करने के लिए कई विपक्षी दलों ने भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (INDIA) का गठन किया है। AAP भी गठबंधन का हिस्सा है। आप ने पलटवार करते हुए कहा कि जब भूपिंदर हुड्डा कहते हैं कि कांग्रेस सक्षम है और पूछते हैं कि आप किस आधार पर सीटें मांग रहे हैं, तो उन्हें याद रखना चाहिए कि पिता-पुत्र की जोड़ी (भूपेंद्र हुड्डा और उनके बेटे दीपेंद्र हुड्डा) सोनीपत और रोहतक (लोकसभा) दोनों सीटें हार गए थे। (2019 के चुनावों में)। अब वह किस आधार पर इन सीटों पर दावा कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि सीटों का बंटवारा होगा या नहीं, यह उन्हें तय करना नहीं है। वह न तो समन्वय समिति के सदस्य हैं, जिसके पास इंडिया ब्लॉक के घटकों के बीच सीट बंटवारे पर निर्णय लेने की शक्ति है, न ही उनके पास कांग्रेस आलाकमान में कोई पद है जिसके आधार पर वह अपनी पार्टी की राज्य इकाई को निर्देश दे सकें।

# खड़गे का केंद्र पर आरोप, 'अछूत' होने के चलते नई संसद के शिलान्यास में तत्कालीन राष्ट्रपति कोविंद को नहीं बुलाया गया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को भारत के नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित नहीं करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना की। खड़गे ने दावा किया कि भाजपा ने उद्घाटन समारोह में सिनेमा अभिनेताओं को आमंत्रित किया था, और राष्ट्रपति को बाहर रखा गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में हर समुदाय के लोग हैं। भाजपा कभी भी नजदीक नहीं आने देती। यहां तक की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए निमंत्रण भी नहीं दिया। क्यों नहीं बुलाया? आप सिनेमा वालों को बुलाते हो, अपने लोगों को बुला-बुला कर दिखाते हो। राष्ट्रपति को क्यों नहीं बुलाया? राष्ट्रपति का अपमान करते हो।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगे कहा कि जब (नए संसद भवन की) नींव रखी गई तब भी राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को नहीं बुलाया गया। क्योंकि वे 'अछूत'' हैं। अगर 'अछूत' के हाथ से नींव रखेंगे, तो वो 'गंगाजल' से धोने पड़ता। कांग्रेस नेता ने महिला आरक्षण विधेयक लाने के पीछे नरेंद्र मोदी सरकार की मंशा पर भी सवाल उठाया और कहा कि भाजपा महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव से ठीक पहले महिला आरक्षण विधेयक के बारे में सोचा क्योंकि कई विपक्षी दलों ने इंडिया ब्लॉक का गठन किया है। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ बीजेपी से ही नहीं लड़ रहे हैं...चुनाव में बीजेपी ने हमारे खिलाफ चार उम्मीदवार उतारे हैं। एक उनका अपना है, एक ईडी का है, एक सीबीआई का है और एक इनकम टैक्स का है... इन सबके खिलाफ हमें जीतना है।

खड़गे ने कहा कि ये हमेशा झूठ बोलते रहते हैं, तभी मैंने महिला आरक्षण पर राज्यसभा में कहा कि- ये जुमला तो नहीं है? क्योंकि 10 साल बाद ये लागू होगा। 2 करोड़ नौकरियां, 15 लाख रुपये.. किसी को मिले क्या? प्रधानमंत्री झूठ बोलते हैं और हर चीज का चुनावी स्टंट करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के हर व्यक्ति को वोटिंग का अधिकार कांग्रेस ने दिया। हमने आजादी के बाद संविधान बनाया। मजदूर, किसान, छोटे व्यापारी से लेकर अमीर तक को हक कांग्रेस की वजह से मिला। और ये लोग हमसे पूछते हैं- आपने क्या किया? कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी ने शनिवार को जयपुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नए भवन की आधारशिला रखी और एक पट्टिका का अनावरण किया। कांग्रेस के मुताबिक उनका कार्यालय शहर के मानसरोवर इलाके में बनाया जाएगा।

## नए कांग्रेस कार्यालय की आधारशिला कार्यक्रम में राहुल, खड़गे हुए शामिल

जयपुर। जयपुर में नए कांग्रेस कार्यालय की आधारशिला रखी गई। इसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी सांसद राहुल गांधी शामिल हुए। जयपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि पहले, केंद्र सरकार के लोग महिला आरक्षण के बारे में बात नहीं कर रहे थे। उन्होंने भारत बनाम भारत विवाद पर चर्चा के लिए एक विशेष सत्र की घोषणा की। लेकिन जब उन्होंने देखा कि लोग सहमत नहीं हुए इस विषय पर, वे घबरा गए क्योंकि विशेष सत्र की घोषणा पहले ही कर दी गई थी। इसलिए वे महिला आरक्षण विधेयक लाए। हमने विधेयक का समर्थन किया, भाजपा कह रही है कि महिला आरक्षण लागू करने के लिए नई जनगणना और परिसीमन की आवश्यकता है लेकिन वास्तव में, 33प्रतिशत आरक्षण आज लागू हो सकता है। लेकिन बीजेपी आरक्षण में 10 साल की देरी करना चाहती है और हम चाहते हैं कि इसे लागू किया जाए और ओबीसी महिलाओं को इसका फायदा मिले।

इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आज पूरा कांग्रेस परिवार जयपुर में बैठा है। आजादी के बाद पहली बार प्रदेश कांग्रेस कमेटी का भवन बन रहा है। राजस्थान में कांग्रेस का झंडा बुलंद रहेगा। राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा ने इतिहास रच दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने कहा यहां कांग्रेस के सभी यूथ कमेटी के सदस्यों को बुलाया गया है। बूथ लेवल से लेकर स्टेट लेवल तक कार्यकर्ताओं को पहली बार एक जगह बुलाकर चुनाव के बारे में समझाया जाएगा।

# 'तीन दशक से लटका था महिला आरक्षण बिल', पीएम मोदी बोले- महिलाओं की ताकत है कि विरोधियों ने भी समर्थन किया



**वाराणसी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन जैसा ऐतिहासिक कानून पास होने के बाद मैं सबसे पहले काशी में आप सबका आशीर्वाद लेने आया हूं। उन्होंने कहा कि ये मेरा सौभाग्य है कि इतनी बड़ी संख्या में आप हमें आशीर्वाद दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि संयोग से कुछ ही समय में दुर्गा पूजा का उत्सव भी शुरू होने वाला है। बनारस में जगह-जगह दुर्गा पंडाल की तैयारी चल रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने इस बार नवरात्रि के उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि इस कानून से देश के लिए महिला विकास के नए रास्ते खुलेंगे। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ेगी।

मोदी ने कहा कि नारी का नेतृत्व बाकी दुनिया के लिए एक आधुनिक व्यवस्था हो सकती है। लेकिन हम तो महादेव से पहले मां पार्वती और मां गंगा को प्रणाम करने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि 3 दशकों से ये कानून लटका हुआ था। लेकिन आज ये आपकी ही ताकत है कि संसद के दोनों सदनों में ऐसी-ऐसी पार्टियों को इसका समर्थन करना पड़ा, जो पहले इसका भरपूर विरोध करते थे। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम रिकॉर्ड वोटों से संसद में पारित हुआ है। आपके आशीर्वाद से इसका सौभाग्य आपकी काशी के इस सांसद को मिला है। उन्होंने कहा कि बनारस में पीएम आवास् योजना के तहत 75,000 घर बनाकर गरीबों को दिए गए हैं। इनमें से अधिकतर घर माताओं, बहनों के नाम पर है।

मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक व्यापक विजन वाला कानून है। इस कानून की ताकत तब बढ़ेगी, जब समाज से लेकर परिवार तक, हर स्तर पर महिलाओं के लिए आगे बढ़ने के अवसर बढ़ेंगे। मुझे विश्वास है कि हमारी माताओं-बहनों के आशीर्वाद से देश अमृतकाल में इसी तरह आगे बढ़ता रहेगा, बड़े निर्णय लेता रहेगा।

## चन्द्रयान-3 : विक्रम और प्रज्ञान की पुनः सक्रियता के लिए एंगल 6 से 9 डिग्री के एंगल की जरूरत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चांद पर सुबह होने को है। इधर, पृथ्वी पर लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान के जागने का इंतजार और प्रार्थनाएं जारी हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर विक्रम और प्रज्ञान दोबारा तैयार हो जाते हैं, तो यह बोनस होगा। 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से रवाना हुए चंद्रयान-3 ने 23 अगस्त को चांद पर सफल लैंडिंग कर ली थी। इसरो के वैज्ञानिक गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी मॉड्यूल की रिबूट करने की प्रक्रिया कर रहे हैं। भारतीय स्पेस एजेंसी को उम्मीद है कि शिव शक्ति पॉइंट पर सूर्योदय होते ही उपकरण दोबारा काम करने के लिए तैयार हो सकते हैं। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग के बाद विक्रम और प्रज्ञान, जिस जगह पार्क किए गए हैं उसे शिव शक्ति पॉइंट नाम दिया गया है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा था कि उपकरणों को दोबारा शुरू करने का प्रयास 21 और 22 सितंबर को किया जायेगा। उन्होंने बताया था, हम केवल उम्मीद कर सकते हैं कि 22 सितंबर को उपकरण दोबारा तैयार हो जाएंगे। सोमनाथ ने बताया कि अगर यह पता करने का कोई रास्ता होता कि उपकरण दोबारा जागेंगे, तो काफी आसानी होती, लेकिन हमें यह देखने के लिए इंतजार करना होगा कि सूर्योदय के बाद सिस्टम कैसे बर्ताव करते हैं। उन्होंने पहले ही कहा था कि अगर सिस्टम चांद पर रात का सामना कर लेते हैं और दोबारा काम करने की स्थिति में होते हैं तो यह प्रक्रिया अपने आप ही होगी। खास बात है कि चांद पर सूर्योदय बुधवार को ही हो चुका है, लेकिन विक्रम और प्रज्ञान को जागने के लिए सूर्य के सही एंगल की जरूरत है। सैटेलाइल सेंटर के निदेशक एम शंकरन बताते हैं, सिस्टम के काम करने के लिए अच्छा एंगल 6 डिग्री से 9 डिग्री के बीच होगा। तापमान को भी एक सीमा से ज्यादा होना होगा। उन्होंने बताया, जागने के लिए हमें विक्रम और प्रज्ञान पर पावर तैयार करने की प्रक्रिया और तापमान की जरूरत है।

## मध्यप्रदेश को मिला एक और टाइगर रिजर्व, केंद्र ने वीरांगना दुर्गावती बाघ अभयारण्य को दी मंजूरी

**भोपाल (एजेंसी)।** बाघों के लिए एक और नया संरक्षित क्षेत्र बनाया गया है। अब मध्यप्रदेश के बाघों के लिए इस संरक्षित क्षेत्र का ऐलान हुआ है। इस संबंध में आदेश मध्य प्रदेश सरकार ने 22 सितंबर को जारी किया है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आदेश जारी करने के बाद अब राज्य में सातवां बाघ अभयारण्य हो जाएगा। देश में सर्वाधिक बाघ मध्यप्रदेश में ही पाए जाते है।

बता दें कि मध्य प्रदेश ने वर्ष 2022 की पशुगणना के दौरान राज्य के बाघ स्टेट का दर्जा बरकरार रखा था। राज्य में अब बाघों की संख्या में इजाफा हुआ है, जो कि वर्ष 2018 में 526 के आसपात थी। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वन पशुओं के संरक्षण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वीरांगना दुर्गावती बाघ अभयारण्य के तहत विभिन्न क्षेत्रों को अधिसूचित किया है। गौरतलब है कि यहां कुल छह अभयारण्य मौजूद है जिसमें कान्हा, बांधवगढ़, सतपुड़ा, पेंच, पन्ना और संजय-डुबरी शामिल हैं जो अब तक बाघों का मूल तौर पर घर हुआ करते थे। वहीं अब बाघों को एक और घर मिल गया है जो बेहद खुशी की बात है।

इस संबंध में अधिकारी ने दावा किया कि केन बेतवा लिंक परियोजना को मंजूरी दी गई है। इसी समय ही केंद्र द्वारा लगाई गई शर्तों का पालन करने में सागर, दमोह और नरसिंहपुर जिले में फैसे नए बाघ अभयारण्य को भी अधिसूचित किया गया है। अधिकारी के मुताबिक वीरांगना दुर्गावती बाघ अभयारण्य को मंजूरी मिलने के बाद अब ये मध्य प्रदेश का सातवां बाघ अभयारण्य बन गया है। इसमें लगभग 1,414 वर्ग किलोमीटर को कोर क्षेत्र में और 925.12 वर्ग किलोमीटर को बफर जोन में शामिल किया गया है। अधिकारी ने कहा कि चूंकि इस बाघ अभयारण्य के अंतर्गत कोई नया राजस्व क्षेत्र शामिल नहीं किया गया है, इसलिए इसके आसपास रहने वाले

## कावेरी जल विवाद: कर्नाटक में भाजपा का विरोध प्रदर्शन, सीटी रवि बोले- गठबंधन को बचाने के लिए तमिलनाडु को दिया जा रहा पानी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी ने कावेरी नदी से तमिलनाडु के लिए पानी न छोड़ने की मांग को लेकर बेंगलुरु में विरोध प्रदर्शन किया। इस मुद्दे पर बोलते हुए, बीजेपी नेता सीटी रवि ने कांग्रेस पर कटाक्ष किया और कहा कि वह INDI गठबंधन को बचाने के लिए तमिलनाडु को पानी दे रही है। कर्नाटक के पूर्व सीएम और बीजेपी नेता बसवराज बोम्मई ने कहा कि हम राज्य के हित के खिलाफ पानी छोड़ने के लिए राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्नाटक के मद्दूर में एक किसान समर्थक संगठन ने इस मुद्दे पर बाइक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।



कावेरी नदी जल बंटवारे के मुद्दे पर बीजेपी नेता सीटी रवि ने कहा कि हम यहां इसके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों का समर्थन करने आए हैं। कांग्रेस INDI गठबंधन को मजबूत करने के लिए पानी छोड़ रही है। वे अपने गठबंधन को बचाने के लिए तमिलनाडु को पानी दे रहे हैं। कर्नाटक से तमिलनाडु के लिए कावेरी जल छोड़े जाने को लेकर किसानों और कन्नड़ समर्थक संगठनों के 'बंद' के आह्वान के बाद कर्नाटक के मांड्या जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। विरोध-प्रदर्शनों के मद्देनजर पुलिस ने पूरे कर्नाटक में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

उच्चतम न्यायालय के कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) और कावेरी जल नियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) के आदेशों में हस्तक्षेप करने से इनकार किये जाने के बाद कर्नाटक के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए। सीडब्ल्यूआरसी ने 12 सितंबर को दिए अपने आदेश में कर्नाटक को अगले 15 दिन तक तमिलनाडु को हर दिन 5,000 क्यूसेक पानी देने का निर्देश दिया था। सीडब्ल्यूआरसी ने इस आदेश को बरकरार रखा था। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को इन आदेशों में हस्तक्षेप से इंकार कर दिया था। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि पुलिस किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। किसान संगठनों और कन्नड़ समर्थक संगठनों ने कावेरी नदी घाटी जिलों मैसुरु, मांड्या, चामराजनगर, रामानगर, बेंगलुरु और राज्य के अन्य हिस्सों में विरोध प्रदर्शन कर अपना रोष व्यक्त किया।

# राधाष्टमी पर बरसाना में हुआ बड़ा हादसा, महिला समेत दो बुजुर्ग श्रद्धालुओं की मौत

**मथुरा (एजेंसी)।** मथुरा जिले के बरसाना में राधाष्टमी के अवसर पर उमड़ी भारी भीड़ के बीच शनिवार सुबह अलग-अलग कारणों से एक महिला समेत दो बुजुर्गों की मृत?यु हो गयी। भीड़ की वजह से कई श्रद्धालुओं की तबीयत खराब होने की भी खबर है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बरसाना में शुक्रवार की रात से श्रद्धालुओं की भीड़ है और इसकी वजह से कई श्रद्धालुओं की तबीयत खराब हो गई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के पश्चात छुट्टी दे दी गई।

उसने बताया लेकिन शनिवार सुबह महिला सहित दो लोगों की मृत्यु होने की जानकारी मिली है। पुलिस प्रवक्ता एवं निरीक्षक छोटेलाल के अनुसार शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे बरेली के श्यामगंज, फर्नीचर मण्डी, चिकलापुर निवासी शोभा पत्नी हरप्रसाद (65) को बरसाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गंभीर अवस्था में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के पश्चात उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. मनोज वशिष्ठ ने बताया कि शोभा मधुमेह से पीड़ित थीं तथा उनके शरीर में शर्करा का स्तर बहुत अधिक बढ़ गया था, जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई। जबकि उनके साथ आए परिजनों का कहना था कि ऐसा भीड़ के दबाव के चलते सांस फूलने व घबराहट से हुआ।

परिजनों ने कहा कि उनकी हालत बिगड़ने पर वे लोग उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाने का प्रयास करते रहे, परंतु भीड़ के दबाव एवं प्रशासन द्वारा रास्तों पर जगह-जगह अवरोधक लगाए जाने की वजह से वे समय से उनका इलाज न करा सके, जिसके कारण उन्होंने चिकित्सकीय सहायता मिलने से पहले ही दम तोड़ दिया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अजय वर्मा ने बताया कि चूंकि उनके परिजन मृतका का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे, इसलिए विधिक प्रक्रिया पूर्ण किए जाने के बाद उनकी इच्छानुसार शव उन्हें सौंप दिया गया। जबकि दूसरे मृतक पुरुष का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह ही एक अन्य श्रद्धालु का शव सुदामा चौक के समीप पर्यटन सुविधा केंद्र से कुछ दूरी पर मिला। उन्हें भी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सा अधिकारियों ने जांच के उपरांत बताया कि उनकी मृत्यु हृदयाघात के कारण हुई है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि परिजनों ने मृतक की पहचान प्रयागराज के मीरगंज निवासी राजमणि मिश्रा (75) के रूप में की है। इससे पूर्व शुक्रवार शाम को राधारानी के जन्माभिषेक के लिए उमड़े श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते हरियाणा के होडल कस्बा निवासी सुरेंद्र व मिर्जापुर की मंजू व एक अन्य महिला मंदिर की पिछली सीढ़ियों के समीप बेहोश हो गए। जिन्हें पुलिसकर्मियों ने तुरंत मेडिकल



कैम्प तक पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर वे घर चले गए। राधाष्टमी के अवसर पर 11 साल पहले भी भारी भीड़ की वजह से दो महिलाओं एवं एक युवक की दम घुटने से मौत हो गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### गोल्फ बॉल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, पांच लोगों की मौत; 100 लोग घायल, कई लोगों की तलाश जारी

**बीजिंग, एजेंसी।** दक्षिणी ताइवान में एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, गोल्फ बॉल फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई, जिसके बाद हुए विस्फोट में लगभग पांच लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। हालांकि, अब भी पांच लोगों की कोई जानकारी नहीं मिली है। समाचार एजेंसी एपी के मुताबिक, पिंगटुंग काउंटी की फैक्ट्री में शुक्रवार की रात आग लगी और रात भर भड़कती रही। अधिकारियों ने कहा कि बचावकर्मी अभी भी चार फैक्ट्री कर्मचारियों और एक अग्निशामक की तलाश कर रहे हैं, जिनका कोई पता नहीं चल पाया है। साथ ही, 100 से अधिक घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। पिंगटुंग काउंटी के मजिस्ट्रेट चाउ चुन-मील ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, आग लगने के कारण की जांच की जा रही है। अंत्येष्टि गृह का दौरा करने और पीड़ितों के परिवारों से मिलने के बाद उन्होंने पोस्ट में कहा, परिवार के सदस्यों के दुख को देखने के बाद मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करने के अलावा कुछ नहीं कह सकती। अधिकारियों ने कहा कि इस घटना के दौरान प्राकृतिक गैस के संपर्क में आने के कारण विस्फोट हुआ और इसी कारण विस्फोट हुआ। फिलहाल, आग पर काबू पा लिया गया है।

### यूक्रेन को हाइटेक मिसाइल भेजेंगे बाइडेन, रूस की बढ़ी चिंता



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने यूक्रेनी समकक्ष से कहा है कि वाशिंगटन कीव को एक प्रकार की लंबी दूरी की मिसाइल भेजेगा जो रूस के अंदर हमला करने में सक्षम होगी। एनबीसी न्यूज के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि एटीएसीएमएस के नाम से जाना जाने वाला आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम यूक्रेन को कब दिया जाएगा, न ही यह निश्चित है कि औपचारिक घोषणा कब की जाएगी। रिपोर्ट में तीन अमेरिकी अधिकारियों और चर्चाओं से परिचित एक कांग्रेसी अधिकारी का हवाला दिया गया है जो जानकारी को सार्वजनिक करने के लिए अधिकृत नहीं है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन लंबे समय से रूस के साथ चल रहे युद्ध में अपनी लड़ाकू ताकतों को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका से एटीएसीएमएस की मांग कर रहा है। बाइडेन प्रशासन को डर था कि यूक्रेनी सैनिक लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग करके रूस पर हमला कर देंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में बाइडेन के साथ बैठक की। बाइडेन ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि पहले अमेरिकी अब्राम्स टैंक अगले सप्ताह यूक्रेन पहुंचेंगे।

### युद्ध खत्म होने तक यूक्रेन नाटो का सदस्य नहीं बन सकता: स्टोलटेनबर्ग



**कीव, एजेंसी।** नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा है कि युद्ध समाप्त होने तक यूक्रेन किसी गुट का सदस्य नहीं बन सकता। यूक्रिनफॉर्म की शुक्रवार की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने यह टिप्पणी न्यूयॉर्क में काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में पब्लिक लेक्चर के दौरान की। स्टोल्टेनबर्ग ने कहा, यह तथ्य कि युद्ध अभी जारी है, हमें उन्हें (यूक्रेनियों को) कल या आज आमंत्रित करने की अनुमति नहीं देता है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उसी समय, स्टोल्टेनबर्ग ने सुझाव दिया कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने के बाद यूक्रेन नाटो का सदस्य बन सकता है। उन्होंने कहा, ये परस्पर संबंधित मुद्दे हैं - नाटो सदस्यता, युद्ध समाप्त करना और युद्ध के बाद स्थायी शांति सुनिश्चित करना। उन्होंने कहा, यूक्रेन को पश्चिमी शैली के हथियार और यूक्रेनी सैनिकों को प्रशिक्षण प्रदान करना यूक्रेन को नाटो सदस्यता के करीब ला रहा है। नाटो ने 2020 में यूक्रेन को अपने उन्नत अवसर भागीदार के रूप में मान्यता दी थी।

### ब्राजीलियाई पुलिस ऑपरेशन में छह की मौत




**रियो डी जनेरियो, एजेंसी।** ब्राजील पुलिस के साल्वाडोर में एक ऑपरेशन में कम से कम छह संदिग्ध मारे गए। साल्वाडोर बाहिया प्रांत की क्षेत्रीय राजधानी है जहां 29 लाख लोग रहते हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने इस महीने 30 से अधिक लोगों की हत्या के आरोपी एक आपराधिक समूह के खिलाफ एक मेगा ऑपरेशन चलाया, जिसके परिणामस्वरूप अब तक 34 लोगों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार का ऑपरेशन कई हत्याओं के आरोपी आपराधिक गिरोह के खिलाफ 43 तलाशी और गिरफ्तारी वारंट को अंजाम देने के लिए चलाया गया था। इस दौरान छह संदिग्ध मारे गए।

# कनाडा में भारतीयों का 3 लाख करोड़ रूपये का योगदान

### हर साल 2 लाख छात्र वहां पढ़ने जाते ; चुनाव से पहले ट्रूडो की रेटिंग भी घट रही

**ओटावा, एजेंसी।**
भारत की डिप्लोमैटिक स्ट्राइक के बाद कनाडा की ट्रूडो सरकार और वहां के आर्थिक विशेषज्ञ चिंता में हैं। इसका बड़ा कारण कनाडा में रहने वाले 20 लाख भारतीयों का इकोनॉमी के हर सेक्टर में दबदबा है। भारतवंशी यहां की अर्थव्यवस्था में हर साल लगभग 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक का योगदान देते हैं।

हर साल भारत से करीब 2 लाख छात्र कनाडा जाते हैं। इनकी फीस के तौर पर लगभग 75 हजार करोड़ रुपए कनाडा को मिलते हैं। कनाडा में अंतरराष्ट्रीय छात्रों में सबसे ज्यादा संख्या भारतीयों की है। ये



कनाडा की इकोनॉमी में फुटकर काम, हॉस्पिटैलिटी और रिटेल सेक्टर में काम करते हैं। कनाडा ने हाल में अमेरिका के ॥1क्कवीजा धारक भारतीयों को ओपन वर्क परमिट जारी किया था। कनाडा का ड्रीम प्रोजेक्ट टोरंटो-वाटरलू आईटी कॉरिडोर को अमेरिका की सिलिकॉन वैली की तर्ज पर विकसित करना है। ये भारतीयों के दम पर ही है।

ओपन वर्क परमिट पर काम इसी साल शुरू होगा। कनाडा ने चीन के प्रोफेशनल्स की जगह भारतीयों को इसमें तरजीह दी थी। भारतीय रवैए से कनाडा के पीएम ट्रूडो सख्त बयान देने से बच रहे हैं। ग्लोबल न्यूज सर्वे में ट्रूडो को 31त्न, जबकि प्रतिद्वंद्वी पियरे को 40त्न रेटिंग मिली। खालिस्तान नेता जगमीत की रेटिंग 22त्न रह गई है। कनाडा में 2025 में चुनाव हैं। उधर, कनाडा ने दावा किया है कि निज्जर मामले में आरोप से पहले खुफिया एजेंसियों ने भारतीय अफसरों की निगरानी की थी। हिंदुओं के खिलाफ हेट स्पीच वाले वीडियो पर कनाडा सरकार ने शुक्रवार को सख्ती ?दिखाई है। कनाडा के नागरिक सुरक्षा मंत्रालय ने कहा है कि हिंदू समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वालों और धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले बयान देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**कनाडा में खालिस्तान समर्थकों के साथ आए कुकी अलगाववादी संगठन:** कुकी अलगाववादी संगठनों ने कनाडा में सक्रिय खालिस्तान समर्थकों के साथ हाथ मिला लिया है। चिन-कुकी अलगाववादी संगठन नॉर्थ अमेरिकन मणिपुर ट्राइबल एसोसिएशन (नम्ता) के अध्यक्ष लियेन्लल्थांग गंग्ते ने कनाडा के सरे शहर में खालिस्तान समर्थकों की एक सभा में हिस्सा लिया। गंग्ते ने सभा में मणिपुर के पर्वतीय क्षेत्रों को मिलाकर जालेन-गम अलग बनाने का पृथकतावादी मुद्दा उठाया।

# बांग्लादेश चुनाव को कमजोर करने वाले किसी भी व्यक्ति के वीजा पर लगेगी रोक


### अमेरिका ने दी चेतावनी

**ढाका, एजेंसी।**
संयुक्त राज्य अमेरिका ने कहा है कि वह उन बांग्लादेशी नागरिकों पर वीजा प्रतिबंध लगाने के लिए कदम उठा रहा है जो दक्षिण एशियाई राष्ट्र में आगामी लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रहे हैं या उसे कमजोर कर रहे हैं।

शुक्रवार को की गई अमेरिकी घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, बांग्लादेश ने कहा कि हालांकि विकास एक सुखद अनुभव नहीं है, लेकिन ढाका चिंतित नहीं है क्योंकि वह कुछ भी गलत नहीं कर रहा है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक बयान में कहा, आज, (अमेरिकी) विदेश विभाग बांग्लादेश में लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया को कमजोर करने के लिए जिम्मेदार या इसमें शामिल बांग्लादेशी व्यक्तियों पर वीजा प्रतिबंध लगाने के लिए कदम उठा रहा है।

बयान में कहा गया कि इन व्यक्तियों और उनके तत्काल परिवार के सदस्यों को संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश के लिए अयोग्य



पाया जा सकता है।

इसमें कहा गया है, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सदस्यों, सत्तारूढ़ दल और राजनीतिक विपक्ष सहित व्यक्ति प्रतिबंध के दायरे में आएंगे क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका बांग्लादेश में शांतिपूर्ण तरीके से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मिलर ने कहा कि अमेरिकी कार्रवाई बांग्लादेश के शांतिपूर्ण ढंग से स्वतंत्र और निष्पक्ष राष्ट्रीय चुनाव कराने के लक्ष्य का समर्थन करने और वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र को आगे बढ़ाने के इच्छुक लोगों का समर्थन करने की अमेरिका की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

नागरिक सुरक्षा, लोकतंत्र और मानवाधिकार के लिए अमेरिकी अवर सचिव उजरा जेया ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात के कुछ ही घंटों बाद सोशल मीडिया पर अपने एक्स पर घोषणा साझा की, जो वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक में शामिल होने के लिए न्यूयॉर्क में हैं।

ढाका में अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ब्रायन शिलर ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने अब तक कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कुछ सदस्यों, सत्तारूढ़ पार्टी के अधिकारियों और विपक्षी कार्यकर्ताओं के खिलाफ वीजा प्रतिबंध लागू कर दिया है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा व्यक्तियों के खिलाफ सबूतों की सावधानीपूर्वक समीक्षा करने के बाद प्रतिबंध लगाए गए थे। हालाँकि, शिलर ने सूची को गुप्त वीजा रिकॉर्ड बताते हुए नामों का खुलासा करने से इनकार कर दिया। अमेरिकी घोषणा के कुछ घंटों बाद एक मीडिया ब्रीफिंग में बांग्लादेश के विदेश राज्य मंत्री शहरयार आलम ने कहा कि उनके देश के पास खोने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा, हमारे पास खोने के लिए कुछ नहीं है, हमें इसकी चिंता नहीं है क्योंकि हम कुछ भी गलत नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, विकास सुखद अनुभव नहीं है लेकिन हमें इससे गुजरना होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिकी सरकार तथ्यों और आंकड़ों की निष्पक्ष तरीके से समीक्षा करने के बाद नई वीजा प्रतिबंध नीति लागू करेगी। जूनियर विदेश मंत्री ने कहा कि वाशिंगटन ने ढाका को उन व्यक्तियों की संख्या का अंदाजा दिया है जिन्हें वीजा प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा।

# ट्रूडो बोले- हफ्तों पहले भारत को सबूत दिए

**ओटावा, एजेंसी।**
कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने शुक्रवार को फिर से भारत पर खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या का आरोप लगाया। ओटावा में मीडिया से बातचीत में ट्रूडो ने बताया- हमने कुछ हफ्ते पहले ही भारत सरकार से ऐसे सबूत साझा किए थे, जो हमारे आरोपों को पुख्ता करते हैं। हम चाहते हैं कि दिल्ली जांच में हमारा सहयोग करे।

उन्होंने कहा कि हम भारत से अपील करते हैं कि वो हमारे साथ जुड़कर काम करें, जिससे इस बेहद गंभीर मामले की तह तक पहुंच सकें। हम उनके साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं और हफ्तों से इसके लिए कह रहे हैं।

कनाडा के पीएम ट्रूडो ने कहा- जैसा कि मैंने सोमवार को कहा था, हमारे पास ये मानने के पर्याप्त कारण हैं कि भारत सरकार के एजेंट हमारी धरती पर एक कनाडाई की हत्या में शामिल थे। ये एक बहुत अहम बात है, खासकर एक ऐसे देश के लिए जहां कानून का शासन हो। कनाडा में अंतरराष्ट्रीय नियमों के आधार पर व्यवस्था है। हम भारत सरकार से इस मामले की सच्चाई तक जाने के लिए सहयोग की अपील करते हैं। उधर, कनाडाई मीडिया सीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा के पास भारतीय एजेंट्स की कम्युनिकेशन डीटेल्स हैं। भारतीय डिप्लोमैट्स किससे मिले, किससे बात की, इन सबको ट्रैक किया गया था।

कनाडाई अधिकारी के हवाले से इस बात का भी दावा किया है कि जब भारतीय अधिकारियों पर बंद दरवाजे के पीछे दबाव डाला गया तो उन्होंने निज्जर की हत्या में भारत सरकार के दखल के सबूत होने की बात से इनकार नहीं किया। इसके अलावा मीडिया रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि निज्जर की हत्या की जांच में सहयोग मांगने के लिए कनाडा के अधिकारी कई बार भारत दौरे पर गए थे। कनाडा की एनएसए जोडी थॉमस अगस्त में 4 दिन के दौरे भारत आई थीं। सितंबर में जी20 में हिस्सा लेने दिल्ली पहुंची थीं। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका हत्या पर जवाबदेही चाहता है। ब्लिंकन ने एक प्रेस ब्रीफिंग में संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों से हम बेहद चिंतित हैं।

हम अपने कनाडाई सहयोगियों के साथ इस मुद्दे पर लगातार चर्चा कर रहे हैं। हम चाहते हैं भारत भी इस जांच पर कनाडा का साथ दे। जून 2023 में हुई खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। 18 सितंबर को कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या का जिम्मेदार भारत को बताया था।

# देश में बढ़ती बंदूक हिंसा के बीच बाइडन सरकार ने उठाया बड़ा कदम, कमला हैरिस को मिली अहम जिम्मेदारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव से पहले उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है। दरअसल, 58 वर्षीय डेमोक्रट गन वायलेंस प्रिवेंशन के नए व्हाइट हाउस कार्यालय का नेतृत्व करेंगी, जो इस मुद्दे पर समन्वय प्रदान करेगा। हालांकि, ऐसे देश में इस संकट से निपटने के लिए किसी भी प्रकार की प्रवर्तनीय शक्ति का अभाव है और यहां लोगों की तुलना में अधिक हथियार हैं। हैरिस ने नए कार्यालय की घोषणा करते हुए एक बयान में कहा, हम जानते हैं कि अगर लोग सुरक्षित नहीं हैं तो सच्ची स्वतंत्रता संभव नहीं है। उन्होंने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में कहा, हमारे पास न तो एक क्षण है और न ही कोई जीवन है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका बंदूकी हिंसा से टूटा हुआ है। इस दौरान हैरिस ने नए कार्यालय की घोषणा करते हुए एक बयान में कहा, हम जानते हैं कि अगर लोग सुरक्षित नहीं हैं, तो सच्ची स्वतंत्रता संभव नहीं है। उन्होंने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में कहा, हमारे जिंदगी बर्बाद करने के लिए नहीं है, संयुक्त राज्य अमेरिका बंदूकी हिंसा से टूटा हुआ है। उन्होंने आगे कहा, हर सामूहिक गोलीबारी हिंसा के बाद, पूरे देश में एक ही मैसेज सुनाया जाता है। उन्होंने कहा, अमेरिकी अपने नेताओं से भीख मांग रहे हैं कि वह कुछ करें। नए दबाव के बावजूद, व्हाइट हाउस के पास संयुक्त राज्य अमेरिका में बंदूक के उपयोग को सार्थक रूप से सीमित करने की कोई शक्ति नहीं है, जिससे हथियारों पर प्रतिबंध लगाया जा सके। कांग्रेस को उन क्षेत्रों में कोई ठोस कदम उठाना होगा, जहां घोर बंदूक विरोधी रिपब्लिकन प्रतिनिधि सभा को नियंत्रित करते हैं। बाइडन ने विधायी आवश्यकताओं के आसपास काम करने की कोशिश की है और कुछ नियामक और प्रशासनिक प्रतिबंध लगाए हैं, लेकिन उनका दायरा सीमित है। एक गैर-सरकारी संगठन, गन वायलेंस आर्काइव के अनुसार, पिछले साल संयुक्त राज्य भर में गोलीबारी के कारण 44,374 लोग मारे गए थे।

# बिजली शुल्क में होगी 3.28 पीकेआर प्रति यूनिट की बढ़ोतरी

**इस्लामाबाद (पाकिस्तान), एजेंसी।**
पाकिस्तान के नेशनल इलेक्ट्रिक पावर रेगुलेटरी अथॉरिटी ने तिमाही समायोजन के कारण बिजली शुल्क में 3.28 पाकिस्तानी रुपये प्रति यूनिट की बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, एनइपीआरए ने बिजली उपभोक्ताओं पर 160 अरब रुपये का अतिरिक्त बोझ डालने की तैयारी कर ली है। इसके साथ ही बिजली दरों में बढ़ोतरी करने का भी फैसला किया है।

नियामक प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही के समायोजन के तहत बिजली शुल्क में क्क्रक्र 3.28 की वृद्धि का प्रस्ताव करते हुए कार्यवाहक संघीय सरकार को सारांश भेजा है।

**2023-24 तक करना होगा अतिरिक्त भुगतान:** संघीय सरकार की मंजूरी के बाद लागू होने वाली वृद्धि के-इलेक्ट्रिक उपभोक्ताओं पर भी लागू होगी। बिजली उपभोक्ताओं को अगले छह माह अक्टूबर 2023 से मार्च 2024 तक अतिरिक्त भुगतान करना होगा। इस बीच, बिजली दरों में वृद्धि और बिजली बिलों में अत्यधिक करों को शामिल



करने के खिलाफ पूरे पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन किया गया।

बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर अशांति ऐसे समय में आई है जब नकदी की कमी से जूझ रहा पाकिस्तान आर्थिक संकट का सामना कर रहा है और मुद्रास्फीति लगभग 29 प्रतिशत पर है। इससे पहले, यह भी जानकारी सामने आई थी कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को मासिक 200 यूनिट से अधिक बिजली का उपयोग करने वाले बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने से रोक दिया था।

सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान की राहत योजना पर द्वरूस्न ने कहा कि बिजली बिलों पर राहत देने से सर्कुलर कर्ज कम नहीं होगा।

बिलों के विलंबित भुगतान के मामले में राहत केवल उन उपभोक्ताओं को दी जाएगी, जो लगातार छह महीने से 200 यूनिट से कम का उपयोग कर रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि अगर किसी उपभोक्ता का बिल छह महीने में 200 यूनिट से अधिक आता है, तो राहत रद्द कर दी जाएगी।

# सिगरेट पर बैन लगा सकते हैं प्रधानमंत्री सुनक

**लंदन, एजेंसी।**
ब्रिटेन में अब सिगरेट पर बैन लग सकता है। सरकारी सूत्रों के हवाले से द गार्जियन ने बताया कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ऐसे तरीके पेश करने पर विचार कर रहे हैं, जिसके चलते आने वाली पीढ़ी कभी भी सिगरेट नहीं खरीद सकेगी। रिपोर्ट के मुताबिक सुनक न्यूजीलैंड में पिछले वर्ष जारी कानूनों के तर्ज पर धूम्रपान विरोधी ऐसे उपायों पर विचार कर रहे हैं, जिसमें 1 जनवरी, 2009 को या उसके बाद पैदा हुए किसी भी व्यक्ति को तंबाकू बेचने पर प्रतिबंध शामिल है। गार्जियन ने शुक्रवार को सरकारी सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सनक ऐसे उपाय पेश करने पर विचार कर रहे हैं जो अगली पीढ़ी को सिगरेट खरीदने से रोक देंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि सुनक न्यूजीलैंड में पिछले साल



घोषित कानूनों के समान धूम्रपान विरोधी उपायों पर विचार कर रहे हैं, जिसमें 1 जनवरी, 2009 को या उसके बाद पैदा हुए किसी भी व्यक्ति को तंबाकू बेचने पर प्रतिबंध शामिल है।

**2030 है लक्ष्य:** ब्रिटिश सरकार के एक प्रवक्ता ने रॉयटर्स को ईमेल के जवाब में कहा कि हम अधिक लोगों को धूम्रपान छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं और 2030 तक धूम्रपान मुक्त होने की अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करना चाहते हैं, यही कारण है कि हमने धूम्रपान की दरों को कम करने के लिए पहले ही कदम उठाए हैं। उन्होंने आगे कहा कि उन उपायों में मुफ्त वेप किट, गर्भवती महिलाओं को सिगरेट छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक वाउचर योजना और अनिवार्य सिगरेट पैक डालने पर परामर्श शामिल है।

**मई में की थी घोषणा:** रिपोर्ट में कहा गया है कि विचाराधीन नीतियां अगले साल के संभावित चुनाव से पहले सुनक की टीम की नई उपभोक्ता-केंद्रित मुहिम का हिस्सा हैं। ब्रिटेन ने मई में घोषणा की थी कि वह ई-सिगरेट पर रोक लगाते हुए उस खामी को बंद कर देगा, जिसके तहत खुदरा विक्रेता बच्चों को वेप्स के मुफ्त सैंपल्स दे सकते हैं। जुलाई में इंग्लैंड और वेल्स की अलग-अलग परिषदों ने सरकार से पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों आधारों पर 2024 तक एकल-उपयोग वेप्स की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया।

# कनाडा के पीएम ने यूक्रेन को नई सहायता की घोषणा की

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के दौरे पर आए यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ बैठक के बाद प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने यूक्रेन के लिए नई सैन्य, आर्थिक और विकास सहायता और निवेश की घोषणा की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को अपने कार्यालय की वेबसाइट पर पोस्ट की गई एक प्रेस विज्ञप्ति में, ट्रूडो ने कहा कि कनाडा बहु-वर्षीय सहायता प्रदान करने के लिए दृष्टिकोण बदल रहा है। उन्होंने यूक्रेन को बख्तरबंद चिकित्सा निकासी वाहनों सहित 50 वाहनों की आपूर्ति के लिए तीन वर्षों में 650 मिलियन कनाडाई डॉलर (487.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर) के नए निवेश की घोषणा की।

विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रूडो और ज़ेलेंस्की ने कनाडा-यूक्रेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो यूक्रेन के आर्थिक सुधार के लिए कनाडाई व्यवसायों को बाजार पहुंच की शर्तें सुनिश्चित करता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों देश रूसी संपत्तियों की जब्ती पर एक कार्य समूह स्थापित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ काम करने पर सहमत हुए हैं। ट्रूडो ने मानसिक स्वास्थ्य, छोटे पैमाने के किसानों और कृषि आजीविका की बहाली, स्थानीय बुनियादी ढांचे के पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए तकनीकी सहायता का समर्थन करने वाली चार बहु-वर्षीय पहलों के लिए विकास सहायता में अतिरिक्त 34 मिलियन कनाडाई डॉलर की घोषणा की। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ट्रूडो ने 63 रूसी व्यक्तियों और संस्थाओं पर नए प्रतिबंधों की भी घोषणा की। ज़ेलेंस्की ने शुक्रवार को सांसद में भाषण भी दिया और कनाडा और अन्य पश्चिमी सहयोगियों से आगे के समर्थन के लिए आह्वान किया।

# हरियाणा प्रदेश आज पूरे देश में सबसे ज्यादा असुरक्षित : भूपेन्द्र हुड्डा

## लखन सिंगला के नेतृत्व में भाजपा नेता कुंवर बालू सिंह व पूर्व एसीपी दर्शन लाल मलिक कांग्रेस में शामिल

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से सैंकड़ों लोगों को लेकर नई दिल्ली स्थित पूर्व मुख्यमंत्री के निवास पर पहुंचे और हरियाणा प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व सचिव कुंवर बालू सिंह एडवोकेट एवं रिटायर्ड एसीपी दर्शनलाल मलिक को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के नेतृत्व में कांग्रेस में शामिल कराया। इस अवसर पर भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने आज भारतीय जनता पार्टी की नीतियों, बढ़ती बेरोजगारी, अपराध एवं भ्रष्टाचार से जन-जन त्राहि कर रहा है। आज पूरे देश में कोई प्रदेश सबसे ज्यादा असुरक्षित है, तो वह हरियाणा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा जो बहुत तेजी से आगे जा रहा था, आज काफी पीछे आ गया है। श्री हुड्डा ने कहा कि मुझे इस बात की बहुत ज्यादा टीस है। मगर, आने वाला समय कांग्रेस का है और आज पूरे प्रदेश से लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं।



उदयभान ने कहा कि हमें अपना समर्थन एवं सहयोग देने के लिए पार्टी में शामिल हुए कुंवर बालू सिंह, पूर्व एसीपी दर्शनलाल मलिक, बन्टी, वीरेन्द्र वशिष्ठ, आर डी वर्मा का स्वागत है। राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि फरीदाबाद से लखन सिंगला के नेतृत्व में आई टीम का मैं स्वागत कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक लहर कांग्रेस के पक्ष में है और चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है। दीपेन्द्र हुड्डा ने भारतीय जनता पार्टी को प्रदेश की अब तक की सबसे विफल सरकार बताया और हर मोर्चे पर फेल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि लखन सिंगला पार्टी के मजबूत स्तंभ है और हर प्रकार से पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से अपने साथ सैंकड़ों लोगों को नई दिल्ली लेकर पहुंचे लखन सिंगला ने कहा कि प्रदेश में 2024 में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार आने जा रही है। उन्होंने कहा कि जो काम पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हुए वो कभी नहीं हुए। आज फरीदाबाद से भाजपा नेता सहित पूर्व एसीपी एवं आधा दर्जन लोगों ने पार्टी का दामन थामा है। इस मौके पर नरसिंह तंवर, अमर सिंह मलिक, अंकुर कंवर, संजय ठाकुर, रतन भगत जी, सुरेन्द्र सिंह एडवोकेट, दीपक सिंह, नरेन्द्र ठाकुर, राजकुमार गौड, राकेश बिहारी, गयालाल शर्मा, बिल्लू पहलवान, दीपक दलाल, ओ पी भाटी जिला अध्यक्ष, नितिन सिंगला जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, फतेह सिंह नंबरदार, हरपाल सैनी, बिट्टू सैनी, रतन भगत जी, अजीत सिंह एडवोकेट, धीरज वधवा, संजय वाल्मीकि, लाला शर्मा, ओमबीर बाल्मीकि, ओमबीर भाटी, कुलदीप श्रीवास्तव, चौ. गोपाल, भोजपुरी अवधी समाज के प्रधान संजय शर्मा, मिंटू सैनी, दीपक दलाल, रवि सैनी एडवोकेट, सतबीर राणा, सूरज डेढा, राकेश बिहारी आदि मौजूद रहे।

### बसपा के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर आकाश आनंद का संदीप शर्मा ने किया हल भेंट कर स्वागत

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में आयोजित बसपा कार्यकर्ता समीक्षा बैठक में पहुंचे बसपा के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर आकाश आनंद का पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता संदीप शर्मा पन्हेड़ा ने हल भेंट करके स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय प्रभारी रणवीर सिंह बैनीवाल, मुख्य प्रभारी हरियाणा कुलदीप बालियान, बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजबीर सोरखी, प्रदेश महासचिव मनोज चौधरी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय कोर्डिनेटर ने स्पष्ट कहा कि बसपा पार्टी दलित, गरीब व जरूरतमंदों लोगों के हितों की आवाज उठाती रही है और आने वाले समय में भी पार्टी इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएगी, उन्होंने कहा कि बसपा मजबूत और जमीन से जुड़े प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारेगी, जो लोगों की समस्याओं को दूर करवाने के कार्य करे। उन्होंने कहा कि इस बैठक के माध्यम से कर्मठ व मजबूत कार्यकर्ताओं की सूची हाईकमान को भेजी जाएगी। इस अवसर पर पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ बसपा नेता संदीप शर्मा ने आकाश आनंद सहित अन्य बसपा नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि वह पूरी तत्परता के साथ पार्टी का झंडा लेकर चल रहे है

# दिल्ली-पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में होगा विकास : धर्मबीर भड़ाना

## आप नेता ने टीम के साथ दुर्गा माता का आशीर्वाद लेकर शुरू किया मिशन 2024

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** हरियाणा की जनता ने कई पार्टियों के कामकाज को देखा और सभी पार्टियों ने हरियाणा को लूटने का काम किया । अब प्रदेश की जनता आम आदमी पार्टी की सरकार को बनाना चाहती है । जनता चाहती है कि दिल्ली और पंजाब की तरह उसे फ्री बिजली, फ्री पानी, और अपने बच्चों को अच्छी पढ़ाई वह फ्री स्वास्थ्य सेवाएं मिले । यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने न्यू टाउन विधानसभा क्षेत्र 86 में मिशन 2024 शुरू किया और डोर टू डोर अभियान का श्री गणेश किया । धरमवीर भड़ाना ने पार्टी हाई कमान के आदेश अनुसार डोर टू डोर कैंपेन की शुरुआत क्षेत्र की दुर्गा माता से किया और पहला निमंत्रण मां दुर्गा को दिया । वहीं से आशीर्वाद अभियान की शुरुआत की । इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई वर्षों तक इनेलो की सरकार रही लेकिन उसे सरकार ने जनता के बारे में कुछ नहीं सोचा और फरीदाबाद को जमकर लूट गया । उसके बाद कांग्रेस की सरकार



रही और भाजपा की सरकार है लेकिन हरियाणा की जनता का भला किसी ने नहीं किया । उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी आम आदमी की पार्टी है और हरियाणा में सरकार बनते ही सभी सुख सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा । धर्मवीर बढ़ाने ने कहा कि एनआईटी फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र का बहुत बुरा हाल हो गया है । इस क्षेत्र में मजदूर प्रवासी वर्ग ज्यादा रहता है, इस वजह से सरकारी इस विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ भाव भेदभाव करती है । हृढ्ढञ्ज 86 विधानसभा क्षेत्र की जनता ने कांग्रेस और भाजपा विधायक दोनों को विकास कार्या ना करवाने पर आम आदमी पार्टी धर्मवीर भड़ाना को इस बार जीत के लिए आश्वासन दिया इस मौके पर उनके साथ जिला सचिव मेहर चंद हरसाना, राजा भैया, सचिन चौधरी, सुभाष बघेल , राम गौर, सुदेश राणा हरजिंदर मेहंदी रत्ता, मनप्रीत कौर, अनिल त्यागी, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा ,भीम, विनोद कुमार सहित आम आदमी पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# पदयात्रा के दौरान ढूंढे नहीं मिल रहा तिगांव क्षेत्र में भाजपा का विकास : ललित नागर

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** तिगांव क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को जानने के लिए पूर्व विधायक एवं नूह जिले के प्रभारी ललित नागर द्वारा निकाली जा रही पैदल पदयात्रा को लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। लोग खुलकर पूर्व विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं रख रहे है और सरकार व प्रशासन द्वारा बरती जा रही लापरवाही को भी खुलकर बता रहे है। इसी कड़ी में पदयात्रा का जत्था सेहतपुर चेतन मार्केट मोड पहुंचा, जहां से पदयात्रा सरस्वती कालोनी मेन रोड, दून भारती चौक, रेस्टोरेंट चेतन मार्केट, चेतन मार्केट, कृष्णा कालोनी, श्याम कालोनी, श्याम कालोनी-3, शनि बाजार सरस्वती कालोनी से होते हुए कृष्णा कालोनी में सम्पन्न हुई। पदयात्रा का जगह-जगह लोगों ने फूल मालाओं के साथ इस पदयात्रा का स्वागत कर इसमें बढ़चढ़कर



भाग लिया। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करत हुए पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि तिगांव क्षेत्र का हर व्यक्ति आज मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, टूटी सडकें, सडकों पर गड्ढे और उनमें भरा गंदा पानी प्रशासन और सरकार के विकास की कहानी बयां कर रहे है, जिस नगर निगम के ऊपर शहरी क्षेत्रों में लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने का जिम्मा है, उस नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी मीटिंग में सहज स्वीकार कर चुके है, जो भाजपाईयों और अधिकारियों के लिए शर्मनाक है। इससे यह साबित हो गया है कि जनता के खून-पसीने की टैक्स की कमाई को नगर निगम के माध्यम से भाजपा नेता और अधिकारी डकारने में लगे हुए है, भाजपा विधायक व अधिकारियों को लोगों की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि पदयात्रा के दौरान वह क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं का बारीकि से अध्ययन कर रहे है और अभी तक इस यात्रा के दौरान उन्हें पता चला कि यहां विकास के नाम पर केवल झूठे वायदे और प्रलोभन दिए गए है, विकास के नाम पर यहां कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि चेतन मार्केट वाला रोड जो एक साल पहले कागजों में बन चुका है, उस पर आज तक काम शुरू नहीं हुआ, इससे साबित होता है कि भाजपा सरकार में केवल और केवल भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और त्राहि-त्राहि कर रहे है, लेकिन ट्रिपल इंजन की सरकार पूरी तरह से फेल साबित हुई है। ललित नागर ने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि एक साल और बनवास का है, उसके बाद हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर तिगांव क्षेत्र का समुचित विकास करवाया जाएगा। इस मौके पर चेतन रक्सवाल, विजयपाल रक्सवाल, राजकुमार शर्मा, भारत शर्मा भोला, प्रताप सिंह ठाकुर, आलोक सिन्हा, देवेंद्र शर्मा, रामभरोसे शर्मा, रिजवान आजमी, अशोक शर्मा, विनोद शर्मा, बालक राम, पिंटू पाण्डे, अशोक रावल, राकेश डबरियाल, अभिलाष नागर, कमल चंदीला, अखिलेश शर्मा सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# परमात्मा की अराधना से क्षेत्र में आती है सुख-समृद्धि : विपुल गोयल

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल फ़रीदाबाद के नैहरपार सेक्टर 89 में स्थित टीडीआई रीट्रीट में नवनिर्मित हरि मंदिर के अंदर मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पहुँचे। जहाँ संस्था के लोगों ने पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल का फूल मालाओ, पटका और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। आपको बतादें की टीडीआई रीट्रीट सोसाइटी में नवनिर्मित हरि मंदिर में आज प्राण प्रतिष्ठा और मूर्ति स्थापना की गयी और इसके अलावा सुबह कलश यात्रा का कार्यक्रम करने के बाद भंडारे के प्रसाद का आयोजन भी किया गया था। जिसमें पूर्व मंत्री ने कार्यक्रम में पहुंचकर प्रभु चरणों में वंदन कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्र के लोगों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ तिगांव क्षेत्र से विधायक राजेश नागर भी रहे। इस अवसर पर पहुंचे पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने संस्था के सभी पदाधिकारी को इस नेक कार्य के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विपुल गोयल समाजहित और नेक कार्य के लिए हर वक्त तैयार है जो भी उनके लायक काम हो किसी भी समय उन्हें कह सकते हैं। इस मौके पर सतीश गुप्ता, जर्नलिस्ट पंकज गुप्ता, पवन कुकरेजा, राहुल कोपाल, के बनर्जी, विकास वर्मा, पंकज अरोड़ा,



विशाल साहनी, अमित सचदेवा, अंकित कुमार सिंह, विशाल सिंह, पंकज मलिक, अमरीश, हेमंत अग्रवाल व अन्य काफी लोग मौजूद थे।






# बुजुर्गों के साथ युवाओं को जकड़ रहा अल्जाइमर : डॉ. रोहित गुप्ता

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** विश्व अल्जाइमर डे पर ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के चैयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता ने कहा कि जीवनशैली में बदलाव के साथ भूलने की यह बीमारी बढ़ती जाती है। कुछ साल पहले बुजुर्गों को अपने चपेट में लेने वाली यह बीमारी आज युवाओं को तेजी से अपनी चपेट में ले रही है। इसमें न सिर्फ मरीज की याददाश्त कमजोर हो जाती है बल्कि उसके दिमाग पर भी इसका असर पड़ता है और रोजमर्रा के कार्यों को करने में भी परेशानी महसूस होती है। डॉ. रोहित ने बताया कि हर साल विश्वभर में 21 सितंबर को विश्व अल्जाइमर डे मनाया जाता है। इस दिन को लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि अल्जाइमर एक ऐसी दिमागी बीमारी है, जिसमें धीरे-धीरे व्यक्ति की याद्दाश्त और सोचने की शक्ति कम होती रहती है। अल्जाइमर रोग का सबसे समान्य रूप डिमेंशिया




है। अल्जाइमर को लेकर पहले लोगों के बीच यह धारणा थी कि यह बीमारी बुजुर्गों को होती है लेकिन अब इसकी चपेट में युवा भी आ रहे हैं। लोग इसे भूलने की आम बीमारी समझकर नजरअंदाज करने की गलती न करें। अल्जाइमर का खतरा मस्तिष्क में प्रोटीन की संरचना में गड़बड़ी होने के कारण बढ़ता है। ये एक मस्तिष्क बीमारी है, जिसमें व्यक्ति धीरे-धीरे अपनी याददाश्त खोने लगता है। पुरुषों से ज्यादा महिलाओं को खतरा डॉ. गुप्ता ने कहा की तुलना में महिलाओं को अल्जाइमर बीमारी का खतरा अधिक रहता है। डॉक्टरों के पास अल्जाइमर के इलाज के लिए आने वाले हर 10 मरीज में से 6 महिलाएं होती हैं। भारत अल्जाइमर रोग के मामले में दुनियाभर में तीसरे नंबर पर है। अल्जाइमर के मरीजों को दवाई के साथ-साथ थेरपी भी दी जाती है लेकिन उनकी देखभाल बेहद जरूरी होती है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी के लक्षणों में सवालों का बार-बार दोहराना, रोजमर्रा के कामों को करने में दिक्कत महसूस होना, किसी काम में मन न लगना, फोकस करने में दिक्कत होना शामिल है वहीं इससे बचने के उपायों में अभी तक इस बीमारी का कोई सटीक इलाज डॉक्टरों को नहीं मिल पाया है, लेकिन अपनी जीवनशैली में बदलाव करके इस रोग से काफी हद तक बचा जा सकता है। नियमित रूप से व्यायाम करें।-पोषक तत्वों से भरपूर डाइट लें।-लोगों से मिलना जुलना चाहिए, जिससे डिप्रेशन न हो।-पर्याप्त नींद लें।-सकारात्मक सोच बनाए रखें।-नशे से दूर रहें।-ब्लड प्रेशर व शुगर नियंत्रित रखें।-शुगर की मात्रा कम रखनी चाहिए।












स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक दिनेश शर्मा द्वारा स्वास्तिका क्रिएशन, 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से मुद्रित करवाकर मुख्य कार्यालय 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से प्रकाशित किया।
पीआरबी एक्ट के अंतर्गत रचनाओं के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायक्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। फोन : 011-26386221 मो. : 9810635211 DCP Licencing No. F.2 (F-10) Press/2017 RNI No. - DELHIN/2017/76338